संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 04 मई 2025 ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 121 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## पंचायतों को कानूनी रूप से सशक्त बनाना जरूरीः मुर्मु



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन में कहा कि पंचायतों को गांवों में विवादों में मध्यस्थता करने और उन्हें सुलझाने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सभ्यतागत विरासत को मजबूत करने की दिशा में पहला कदम है। अब हमें इसमें गति लाने और इसके अभ्यास को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता अधिनियम के तहत विवाद समाधान तंत्र को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी रूप से विस्तारित किया जाना चाहिए ताकि पंचायतों को गांवों में विवादों को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जा सके। गांवों में सामाजिक सद्भाव राष्ट्र को मजबूत बनाने की एक अनिवार्य शर्त है। उल्लेखनीय है कि मध्यस्थता अधिनियम 2023 के तहत ऐसे सिविल और व्यावसायिक विवादों का समाधान किया जा सकता है जिन्हें आपसी सहमति से हल किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में ग्रामीण स्तर पर विवाद समाधान की प्रणाली को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से मध्यस्थता व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि गांवों में छोटे-छोटे विवादों को पंचायत स्तर पर सुलझाने की परंपरा रही है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में उनके पास कानूनी अधिकार नहीं होने के कारण उनका निर्णय प्रभावी नहीं हो पाता। उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायतों को कानूनी रूप से सशक्त किया जाना चाहिए। इससे न केवल गांवों में शांति और सद्भाव बना रहेगा, बल्कि न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को भी कम किया जा सकेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि न्याय दिलाने में मध्यस्थता की अहम भूमिका होती है। विवादों को सुलझाने में पंचायतों की अहम भूमिका रही है। भारत एक जीवंत लोकतंत्र है जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका- इन तीन स्तंभों पर टिका है। संविधान ने गांव से लेकर संसद तक एक सुगठित तंत्र की नींव रखी है।

# आतंकियों के मददगारों को नहीं छोड़ेंगे: पीएम मोदी

- हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्धः मोदी
- आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः पहलगाम** आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संबोधन में यह बात कही।
आतंकवाद के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लोरेंसू और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए



प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं अंगोला को अफ्रीकन यूनियन की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं देता हूं।
हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकन यूनियन को जी 20 की स्थायी सदस्यता मिली। भारत और अफ्रीका के देशों ने कोलोनियल शासन के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई थी। एक दूसरे को प्रेरित किया था। आज हम ग्लोबल साउथ के हितों, उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं।

### अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा ऐतिहासिक पल

*अंगोला के राष्ट्रपति भारत दौरे पर हैं। शनिवार को अंगोला के राष्ट्रपति के साथ साझा प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि 'मैं राष्ट्रपति लोरेंसू और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं। यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। उनकी इस यात्रा से, न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझेदारी को भी बल मिल रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं।*

### भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी जहाजों की एंट्री पर प्रतिबंध,

***नई दिल्ली।*** *भारत सरकार के नौवहन महानिदेशालय ने किसी भी पाकिस्तानी जहाज के भारत के किसी भी बंदरगाह पर ठहरने पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही किसी भी भारतीय जहाज को पाकिस्तान के बंदरगाहों पर जाने से रोक लगा दी है। मर्चेंट शिपिंग एक्ट, 1958 की धारा 411 के तहत आज आदेश (3 मई 2025) जारी किया गया और यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। नौवहन महानिदेशालय का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय हित, समुद्री परिसंपत्तियों, माल और बंदरगाही अवसंरचना की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया है। आदेश में कहा गया है कि किसी विशेष मामले में छूट की आवश्यकता होगी तो उसका मूल्यांकन अलग से किया जाएगा। वहीं, संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने एक सार्वजनिक सूचना जारी की है, जिसमें पाकिस्तान से आने वाली सभी श्रेणियों की इनबाउंड डाक और पार्सल सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है।*

### पड़ोसी देश से आयात पर पूरी तरह से रोक

***नई दिल्ली।*** *पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और कदम उठाते हुए वहां से होने वाले आयात पर पूरी तरह से रोक लगा दिया है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) की ओर से साफ किया गया है कि पाकिस्तान से होने वाले आयात पर प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है।*
*वाणिज्य मंत्रालय की ओर से इस संबंध में जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार फॉरेन ट्रेड पॉलिसी 2023 में एक नया प्रावधान जोड़ा गया है। इस प्रावधान के तहत पाकिस्तान से प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी तरह से इंपोर्ट या ट्रांजिट पर अगले आदेश तक के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस प्रतिबंध से किसी भी तरह की छूट के लिए भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी?।*

## हरियाणाः जल विवाद पर हुई सर्वदलीय बैठक

- बैठक में सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव
- सभी दल सरकार के साथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा और पंजाब के मध्य चल रहे जल विवाद पर आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें हरियाणा के हितों की सुरक्षा के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके पंजाब सरकार से आग्रह किया गया कि बीबीएमबी की तकनीकी समिति के 23 अप्रैल, 2025 के तथा बीबीएमबी बोर्ड के 30 अप्रैल, 2025 के फैसलों को बिना शर्त लागू किया जाए। हरियाणा को मिलने वाले पानी के हिस्से पर लगाई गई अमानवीय, अनुचित, अवैध एवं असंवैधानिक रोक को तुरंत हटाया जाए। सर्वदलीय बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल विज, रणबीर गंगवा, श्याम सिंह राणा, श्रीमती श्रुति चौधरी, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, कांग्रेस पार्टी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, इनेलो पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा व विधायक आदित्य देवीलाल, जजपा पार्टी की ओर से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, आम आदमी पार्टी से सुशील गुप्ता, बीएसपी से कृष्ण जमालपुर, सीपीआई (एम) से ओमप्रकाश और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर मौजूद रहे।




### पानी को रोकने को असंवैधानिक बताया

*बैठक के दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पिछले 10 सालों के आंकड़े प्रस्तुत कर जल वितरण की जानकारी सांझा की। इसके बाद सभी नेताओं ने विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान सभी नेताओं ने हरियाणा में पीने के पानी के संबंध में उभरे जल संकट पर चिंता व्यक्त की और पंजाब द्वारा हरियाणा के हिस्से के पानी को रोकने को असंवैधानिक बताया।*

### पंजाब सरकार भ्रामक प्रचार कर रही

*सभी नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर भ्रामक प्रचार कर रही है। हरियाणा कोई अतिरिक्त पानी की मांग नहीं कर रहा है और न ही पंजाब के हिस्से का पानी मांग रहा है। हरियाणा तो उसे हर साल मिलने वाले पानी के अपने हिस्से को पूरा देने की मांग कर रहा है, जोकि अभी पंजाब द्वारा गैर-कानूनी तरीके से रोक दिया गया है।*

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नईः** तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक गलियारे में हलतेज हो गई है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज भी कर दी है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को तमिलनाडु भाजरा के 2026 विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। साथ ही कहा कि चुनावी तैयारियों के साथ-साथ संगठनात्मक काम को भी तेजी से आगे बढ़ाया जाए। बता दें कि जेपी नड्डा और तमिलनाडु भाजपा नेताओं के साथ यह बैठक चेन्नई में हुई, जिसमें तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, राष्ट्रीय सह-प्रभारी पी सुधाकर रेड्डी, सौंदरराजन समेत कई बड़े नेता शामिल हुए।



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की।

## आईएमएफ से पाक की ऋण समीक्षा की मांग

**नई दिल्लीः** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठा चुका भारत अब आतंकवाद के पनाहगाह पर आर्थिक शिकंजा कसने की तैयारी में है। इस रणनीति के तहत भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दिए गए ऋणों की समीक्षा करने को कहा है। साथ ही उसने पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे सूची में शामिल कराने की कोशिश भी शुरू कर दी है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में शामिल होने और आईएमएफ के ऋण मंजूरी नहीं देने से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को तगड़ा झटका लगेगा। एक भारतीय सरकारी सूत्र ने शुक्रवार को बताया कि भारत ने आईएमएफ के समक्ष पाकिस्तान को दिए गए ऋण पर चिंता जताई और इसकी समीक्षा करने की मांग की है। सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान ऋण से मिले पैसों का इस्तेमाल आतंकी हमलों और नापाक गतिविधियों में कर रहा है।

## केजरीवाल समेत तीन आरोपितों के खिलाफ सुनवाई 8 मई को

**सुनवाई टली**

- तीन आरोपितों के खिलाफ 2019 में सरकारी संपत्ति को विरुपित करने के मामले में सुनवाई टाल दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत तीन आरोपितों के खिलाफ 2019 में सरकारी संपत्ति को विरुपित करने के मामले में सुनवाई टाल दी है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई को करने का आदेश दिया।
सुनवाई के दौरान इस मामले के जांच अधिकारी किशन चंद ने कहा कि शिकायतकर्ता से फोटोग्राफ चाहिए।

## पाकिस्तान ने मिसाइल का परीक्षण किया

**इस्लामाबाद।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से दोनों देशों के बीच उपजे तनाव के बीच आज पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी साझा की। 450 किलोमीटर रेंज वाली अब्दाली हथियार प्रणाली का प्रशिक्षण प्रक्षेपण सैनिकों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।

**नकेल कसेंगे** — लोग निजी स्कूलों को छोड़कर सरकार के सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला दिलाने को प्राथमिकता देंगे

## निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगाम लगाएगा नया कानून : रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर नया कानून लगाम लगाएगा। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर नकेल कसने के लिए दिल्ली स्कूल एजुकेशन ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025 के रूप में दिल्ली सरकार ऐतिहासिक विधेयक लेकर आई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जल्द ही विधानसभा का सत्र बुलाकर इस विधेयक को पास करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद का आभार व्यक्त करने के लिए शनिवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली के विभिन्न निजी स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों के सैकड़ों अभिभावक पहुंचे। अभिभावकों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से दिल्ली के अभिभावकों के साथ निजी स्कूल मनमानी फीस बढ़ाकर अन्याय कर रहे थे। निजी स्कूल मनमाने ढंग से फीस बढ़ाते रहे और पिछली सरकारों के पास ऐसा कोई स्पष्ट कानून या दिशा-निर्देश ही नहीं था, जिससे मनमानी फीस पर लगाम लगाई जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि सत्ता में आने के दो महीन के भीतर ही शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में एक मजबूत और न्यायसंगत अधिनियम का मसौदा तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस विधेयक के माध्यम से दिल्ली के सभी 1677 निजी स्कूलों की फीस को अब पारदर्शी तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। अब निजी स्कूलों में फीस तय करने की प्रक्रिया में अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन और अन्य हितधारकों की सहभागिता अनिवार्य होगी। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि हमारी सरकार जो नए 65 सीएमश्री स्कूल बनाने जा रही है। उससे दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूल इतने बेहतर और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था देने में सक्षम हो जाएंगे।






# दिल्ली से जम्मू-कश्मीर जा रही राहुल-प्रियंका सेना की शांति यात्रा का समालखा में हुआ स्वागत

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** **राहुल प्रियंका सेना** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता जगदीश शर्मा ने आज यहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिवंगत इंदिरा गांधी से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा कि आज आतंकवाद व पाकिस्तान का सफाया करने का समय आ गया है। पहलगाम मे सेलानियो पर हुए आतंकी हमले के बाद देश वासियो मे रोष है। आतंकवाद के सफाये के लिए पूरा देश आपकी तरफ टकटकी लगाए देख रहा है। इसलिए आप घबराइये मत पूरा देश आपके साथ खडा हुआ है। राहुल प्रियंका सेना द्वारा आयोजित शांति यात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता जगदीश शर्मा शनिवार



को दिल्ली से जम्मू-कश्मीर जाते समय समालखा बलूजे रेस्टोरेंट के सामने पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ राहुल प्रियंका सेना की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा अनुपूरणा शर्मा सहित 11 सदसीय दल जा रहा है। समालखा मे यात्रा पहुंचने पर कांग्रेस नेता बाबू राम कौशिक व धर्मबीर छौक्कर ने फूल मालाओ से स्वागत किया। पत्रकारो द्वारा यात्रा का उदेश्य पूछे जाने पर राहुल प्रियंका सेना के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने बताया कि यात्रा के दौरान कश्मीर के

**एकजुट**

**प्रियंका सेना की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा अनुपूरणा शर्मा सहित 11 सदसीय दल जा रहा है।**

लाल चौक पर तिरंगा फहराकर उसके बाद पहलगाम व पुलवामा मे जाकर आतंकवादियो व पाकिस्तान को ललकारेंगे। जिस तरीके से पहलगाम मे आतंकियो ने धर्म पूछकर सेर सपाटा करने गए सेलानियो का नरसंहार किया है वह बेहद निंदनीय है। उन्होने कहा कि हम राहुल गाँधी ओर प्रियंका के सिपाही है हम डरने वाले नही है। हम 1965 ओर 1971 मे पाकिस्तान को धूल चटा चुके है। जिस तरह इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से बंग्लादेश को अलग किया था। उसी तरह प्रधानमंत्री जी आज समय आपके पास है। पाकिस्तान को लाल आंखे ओर 56 इंची सीना दिखाओ ओर पाकिस्तान के दो टुकडे करके बलूचिस्तान बना दो। कांग्रेस नेता जगदीश शर्मा ने आतंकवाद को लेकर केंद्र सरकार पर ढुलमुल रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब सऊदी अरब का दौरा छोड़कर आए तो एयरपोर्ट पर सुरक्षा अधिकारियो के साथ बैठक की लेकिन जम्मू-कश्मीर जाने की जगह बिहार मे जाकर रैली की। देश वासी आतंकवाद से जंग लडने की आश देख रहे है ओर पीएम मोदी जनगणना कराने की बात कर रहे है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी यह समय राजनीति करने का नही है। जनगणना व चुनाव तो बाद मै हो जाएगे पहले आतंकवाद के सफाये के लिए पाकिस्तान की तरफ तोप के रास्ते खोल दो,सेनाओ को आदेश दो। हमारी सेना मे इतना दम है कि कुछ घंटो मे पाकिस्तान का नामोनिशान दुनिया के नक्शे से मिटा सकती है।

## प्रशिक्षुओं को नशे से दूर रहने और रक्तदान जागरूक को लेकर शपथ दिलाई

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** **उपायुक्त डॉ .विरेन्द्र कुमार** दहिया के कुशल मार्गदर्शन में रैडक्रास भवन में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 60 प्रशिक्षुओं को नशे से दूर रहने व रक्तदान हेतु जागरूक करने बारे शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम मे रैड क्रॉस सचिव गौरव राम करण ने कहा कि नशे की बुरी आदत से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। युवाओं को नशे की आदत से बचना चाहिये। नशे के कारण व्यक्ति मानसिक, पारिवारिक वा समाजिक रूप से पिछड़ जाता है और समाज भी उसे घृणा की दुष्टि से देखता है। परन्तु हमें नशा करने वाले व्यक्तियो को जागरूक करके समाज की मुख्य धारा से जोड़ना चाहिये, ताकि वह भी नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन यापन कर सकें। यदि नशे करने वाला व्यक्ति दृढ़ सकल्प ले तो नशे से मुक्ति पाई जा सकती है। जरूरमंद बीमार व्यक्तियों की सहायतार्थ रक्तदान के लिए आना चाहिये। तंदरूस्त व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करके हमे किसी जरूरमंद को जीवनदान प्रदान कर सकते है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द ने प्रतिभागियों को नशा छोड़ने तथा रक्तदान करने के लिए शपथ दिलवाई। इस अवसर पर प्रवक्ता कला भारद्वाज इत्यादि अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नवीन, पुत्र: रवि कुमार, पता: सी–9/402, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 896/2018, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नवीन** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **नवीन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 896/2018, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **नवीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रीतिका जैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**उत्तर–पश्चिम, कमरा नं. 105**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5604/OD/2025**

# जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय** माध्यमिक विद्यालय धोली में कार्यरत संस्कृत अध्यापक ने अपने जन्मदिन पर स्कूल प्रांगण में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के लिपिक और कर्मचारी नेता सुजान मालड़ा ने बताया कि शनिवार को राम अवतार शास्त्री ने अपने 52वें जन्मदिन पर विद्यालय प्रांगण में पीपल का पौधा लगाकर जहां पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। वहीं विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मिठाई भी खिलाई। मुख्याध्यापिका मुकेश देवी ने राम अवतार शास्त्री के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हमें विशेष अवसरों को यादगार बनाने के लिए फिजूलखर्ची नही करनी चाहिए। हर वर्ष जनसंख्या वृद्धि के कारण और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होने से पर्यावरण दूषित हो रहा है। असंतुलित पर्यावरण से जहां तापमान अधिक बढ़ रहा है। वहीं बरसात भी कम होने लगी है। जिसका सीधा असर प्राणियों के साथ साथ जीव-जंतुओं पर भी पड़ रहा है। इसलिए हमें अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह आदि विशेष अवसरों पर फिजूलखर्ची ना करके अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पीपल का पेड़ हमें अन्य पेड़ों की अपेक्षा अधिक आक्सीजन देता है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने राम अवतार शास्त्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मीड डे मील कर्मचारियों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया जल सरंक्षण का संदेश

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) जीयू के** स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल स्टडीज और एग्रीका क्लब द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत छात्रों ने नुक्कड़



नाटक कर जल संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों ने नाटक के माध्यम से जल की बबार्दी रोकने के लिए जल संचय करने व गिरते भूजल स्तर को दशार्या। स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल स्टडीज के हैड डॉ युवराज सिंह ने बताया की विभाग के छात्रों ने गिरते भू जल स्तर, जल संचय व वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल संचय के प्रति जागरूक करने के लिए छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्रों ने जल सरंक्षण का संदेश देते नारे लगाए व उपस्थित छात्रों जल की बबार्दी रोकने का आह्वान किया। इस दौरान छात्रों को जल सरंक्षण करने व दूसरे लोगों को जल की बबार्दी ना करने की शपथ दिलाई।

## स्पीकर ने श्रद्धांजलि सभा स्थल का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लेफ्टिनेंट विनय** नरवाल की 4 मई रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक डॉ. मंगलसेन सभागार में आयोजित होने वाली श्रद्धांजलि सभा के स्थल पर जाकर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शनिवार को व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त उत्तम सिंह सहित विनय नरवाल के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की निर्मम हत्या से परिवार को जो क्षति हुई है, उसकी पूर्ति तो कोई नहीं कर सकता लेकिन जनप्रतिनिधि व समाज के नाते सब इस परिवार के साथ खड़े हैं।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15245119A | बैगेज स्कैनिंग मशीन | 05 नग | 26-05-25 |
| 02 | 12255009 | थीन वाल्ड फ्लैक्स इलास्ट | 19600 मीटर | 26-05-25 |
| 03 | 06255016 | रेक्टेंगुलर होलो सैक्शन | 140000 किलोग्राम | 27-05-25 |
| 04 | 08235717C | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग | 29 नग | 10-06-25 |
| 05 | 09252120 | स्ट्राइकर कास्टिंग | 870 नग | 16-06-25 |
| 06 | 09252507 | आउटर स्प्रिंग | 9288 नग | 06-08-25 |
| 07 | 19250317 | सेट ऑफ सस्पेंशन बेअरिंग फॉर हिताची | 307 सेट | 17-09-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।


टेंडर नोटिस सं. 11/2025–2026 दिनांक:– 02.05.2025 1316/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एमटीपी किट के बड़े रैकेट के खुलासे के बाद करनाल से भी कनेक्शन सामने आए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कैथल में एमटीपी** किट के बड़े रैकेट के खुलासे के बाद करनाल से भी कनेक्शन सामने आए हैं। कैथल में गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि वह करनाल से एमटीपी किट लेकर आता था। इस इनपुट के बाद करनाल और कैथल स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने देर रात करनाल की शिव कॉलोनी में छापेमारी की। टीम को मौके पर एमटीपी किट तो नहीं मिली, लेकिन भारी मात्रा में अलग-अलग दवाइयां बरामद हुईं, जिनकी कीमत 27 लाख 55 हजार रुपए है। सभी दवाइयां बिना किसी लाइसेंस और रिकॉर्ड के स्टॉक की गई थी, जिन्हें मौके पर ही जब्त



कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीती 29 अप्रैल को कैथल के चंदाना गेट इलाके में किराए के मकान में बड़ी मात्रा में एमटीपी किट रखे होने की सूचना पर एंटी नारकोटिक सेल और ड्रग कंट्रोल टीम ने छापा मारा था। मौके से 5805 एमटीपी किट और 607 अनवांटेड-72 गोलियां बरामद की गईं थीं। इन दवाओं की बाजार में कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गई थी। आरोपी विकास, जो कि सिर्फ 10वीं पास है। पिछले दो सालों से यह काम कर रहा था। उसके पास न तो मेडिकल से जुड़ी कोई डिग्री थी और न ही दवाएं रखने या बेचने का लाइसेंस। पुलिस रिमांड पर लिए गए विकास ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसे एमटीपी किट करनाल से सप्लाई होती थी। यह जानकारी मिलते ही कैथल और करनाल की स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट हो गई और एक संयुक्त छापेमारी की योजना बनाई गई। इसके बाद करनाल के शिव कॉलोनी इलाके में एक घर पर देर रात रेड की गई। जब स्वास्थ्य विभाग की टीम शिव कॉलोनी में पहुंची तो घर में एक कमरा बंद मिला और दूसरे कमरे में एक परिवार रह रहा था। पूछने पर उन्होंने बताया कि बंद कमरे में यशविंद्र नाम का व्यक्ति रहता है। उसे मौके पर बुलाया गया और पुलिस की मौजूदगी में कमरा खुलवाया गया। कमरे में बहुत सारी पेटियां रखी थीं, जिनमें लिवोनोगेस्टिल, अनवांटेड-72 और कलकेरिया जैसी दवाएं मिलीं।

ये दवाएं बिना किसी अनुमति के अवैध तरीके से स्टॉक की गई थीं। मौके पर न तो किसी प्रकार का सेल रिकॉर्ड मिला, न ही परचेज डिटेल और न ही दवा बेचने या स्टोर करने का कोई लाइसेंस। पूछताछ में यशविंद्र ने बस इतना बताया कि उसका भाई दवाओं का काम करता है, लेकिन उसने भाई की कोई जानकारी नहीं दी। ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर विकास राठी ने बताया कि मौके से जो दवाएं जब्त की गई, उनकी कीमत करीब 27 लाख 55 हजार रुपए है। यह सारा स्टॉक अवैध तरीके से रखा गया था। सभी दवाओं को सीज कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि एमटीपी किट या गर्भपात से जुड़ी दवाएं किसी भी अनधिकृत व्यक्ति से न खरीदें। यदि कोई इनकी बिक्री करता है तो तुरंत इसकी सूचना नारकोटिक्स डिपार्टमेंट या स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को दें। अवैध दवाएं न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी घातक साबित हो सकती हैं।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या : CPM-DLI-NIT-22-25-26 दिनांक 02.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक / गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | N.I.T. No | CPM-DLI-NIT-22-25-26 |
| 2 | कार्य का नाम | दिल्ली शाहदरा और सब्जी मंडी पर 03 रिले हटों का निर्माण, साथ ही सब्जी मंडी, दिल्ली शाहदरा और शकूरबस्ती रेलवे स्टेशनों पर अन्य विविध हेतु कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 1,36,10,688.08 /– |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,18,100 /– |
| 5 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 6 | बिडिंग प्रणाली | एक पैकेट प्रणाली |
| 7 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 26.05.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 26.05.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

1312/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दवाई की डिलीवरी के नाम पर ठगी, पूरी पेटी निकली एक्सपायर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक** ई-रिक्शा चालक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ठगों ने उसे एक्सपायरी दवाइयों की पेटियां देकर घरौंडा भेजा, साथ ही गलत मोबाइल नंबर और गलत पता थमा दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने पीड़ित से 2 हजार 200 रुपए भी ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए और मौके से फरार हो गए। जब पीड़ित को धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो उसने तुरंत डायल-112 पर कॉल किया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। बीती शाम को करनाल निवासी सूरज ई-रिक्शा से डिलीवरी का काम करता है। वह अपने रोजमर्रा के काम पर निकला था। तभी नेशनल हाईवे पर कुटेल पुल के नीचे एक अजनबी कार ड्राइवर ने उसका रिक्शा रुकवाया और कहा कि उसे घरौंडा की नई अनाज मंडी में दवाईयों की पेटियां पहुंचानी हैं। उसने सूरज से कहा कि मंडी में ही दुकान पर पेमेंट मिल जाएगी। साथ ही उस व्यक्ति ने यह भी कहा कि वह खुद चंडीगढ़ निकल रहा है और उसका टोल बचाने के लिए सूरज दवाइयां पहुंचा दे। अजनबी व्यक्ति ने सूरज को यह कहकर फंसा लिया कि वह बाद में पूरी पेमेंट मंडी में मिल जाएगी। मगर उसने पहले ही 2200 रुपए सूरज से ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। उसने यह रकम किसी खर्चे के नाम पर ली और कहा कि मंडी में दुकान मालिक से पूरी पेमेंट मिल जाएगी। इसके बाद वह मौके से चला गया।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# उच्च स्वास्थ्य सेवाओं का मिलेगा लाभ: सीएम

- सीएम ने वरिष्ठों को लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान वैन को दिखाई हरी झंडी
- स्वास्थ्य सेवाओं को दिल्ली के हर कोने तक पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त कदम
- दिल्ली सरकार के 70 दिन पूरे, रेखा ने 70 विधानसभा के लिए 70 गाड़ियां रवाना की

**70 दिन पूरे**

- सभी 70 वैन 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 दिनों तक वय वंदना कार्ड के लिए पंजीकरण करेंगी: सीएम रेखा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ जनों के लिए 'आयुष्मान पंजीकरण वैन' को आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र के मुनिरका से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और भाजपा विधायक अनिल शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुनिरका से 'आयुष्मान पंजीकरण वैन' को हरी झंडी दिखाना एक संतोषजनक और गौरवपूर्ण क्षण है। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को दिल्ली के हर कोने तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सशक्त कदम है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास" और "आयुष्मान भारत" जैसे जनकल्याणकारी विजनों को जमीन पर साकार करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के 70 दिन पूरे होने पर आज 70 मोबाइल वैन दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ जनों को वय वंदना कार्ड के लिए यहां से रवाना हो गई है। उन्होंने कहा कि सभी 70 वैन 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 दिनों तक वय वंदना कार्ड के लिए पंजीकरण करेंगी। वय वंदना कार्ड बनाने के लिए 70 वर्ष की ऊपर के वरिष्ठ जनों बस अपना आधार कार्ड और मोबाइल लेकर इस वैन के पास आए। वैन में मौजूद कंप्यूटर ऑपरेटर तुरंत उनका पंजीकरण कर देंगे। यह आयुष्मान भारत योजना को सभी तक पहुंचाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सरल योजना दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। यह केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से ही सफल हो पाई। इस योजना का फायदा 70 वर्ष से ऊपर के गरीब वरिष्ठ जनों से लेकर बीएमडब्लू रखने वाले वरिष्ठ जनों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 28 अप्रैल को दिल्ली के वरिष्ठ जनों को वय वंदना योजना (वीवीवाई) कार्ड वितरित करके शुरू की थी। इस योजना के तहत सबसे पहला कार्ड राम सिंह नेगी, दूसरा वेद सिंह और तीसरा राजेन्द्र कुमार समेत कई लोगों को दिया गया। योजना के तहत दिल्ली के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ जनों को 10 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार देश में कही भी मिलेगा।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने 21 दिनों के सफाई और सुधार अभियान का किया ऐलान



*नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने शनिवार को 21 दिन के विशेष सफाई और सुधार अभियान का ऐलान किया है। इसके तहत दिल्ली की सड़कों, नालों, सार्वजनिक स्थलों और फ्लाईओवर के नीचे की जगहों को पूरी तरह साफ किया जाएगा। मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित चर्चा में अधिकारियों को संदेश देते हुए कहा कि दिल्ली में अब सिर्फ काम होगा, बहाने नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी को अपनी नकारात्मक छवि से बाहर निकालना होगा। इस चर्चा में प्रिंसिपल सेक्रेटरी पीडब्ल्यूडी अणबरसु, स्पेशल सेक्रेटरी रुचिका कत्याल, इंजीनियर इन चीफ नईमुद्दीन और मुख्य अभियंता से लेकर जूनियर इंजीनियर स्तर तक के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि आज पीडब्ल्यूडी को लेकर जनता में भरोसा नहीं है। कभी सड़क खुदती है तो महीनों वैसी ही पड़ी रहती है। कभी नाले की सफाई अधूरी रह जाती है। लोग सोचते हैं कि पीडब्ल्यूडी का मतलब है फाइलों में घूमता काम। ये छवि अब बदलनी होगी। हम सबको मिलकर इस विभाग को फिर से सम्मान दिलाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार आपके लिए कैसी भी हो, आपको काम करना ही होगा। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि असली संतोष तभी मिलेगा जब अधिकारी अपने काम को गर्व से देखेंगे। जॉब सेटिस्फेक्शन फाइलों से नहीं, फील्ड में काम से आता है। आप जिन सड़कों को बनाते हैं, जिन नालों को साफ करते हैं, वहीं से दिल्ली की सुंदरता निकलती है।*

### दिल्ली के सभी 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज : वीरेंद्र सचदेवा

*नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के सभी 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मिलेगा। उन्होंने शनिवार को आयुष्मान वय वंदना योजना कार्ड के लिए पंजीकरण शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल को बधाई दी। वीरेंद्र सचदेवा ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में 70 साल से अधिक के बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज का ऐलान किया था उसका पंजीकरण दिल्ली में आज से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी 70 विधानसभाओं में आयुष्मान वय वंदना योजना कार्ड बनाया जाएगा। 70 मोबाइल वैन 70 विधानसभा में जाएंगी और बुजुर्गों को उनके घर पर पंजीकरण कर कार्ड दिए जाएंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता भी सरकार के इस अभियान में सहयोग देंगे ।*

## विधानसभा अध्यक्ष ने रोहिणी के तीन पार्कों में ओपन मल्टी-जिम का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में तीन अत्याधुनिक आउटडोर ओपन मल्टी-जिम का उद्घाटन किया। इन नवनिर्मित फिटनेस केंद्रों में अत्याधुनिक व्यायाम उपकरण लगाए गए हैं। नए ओपन मल्टी-जिम्स क्रमश जिला पार्क रोहिणी सेक्टर-14, डीडीए स्पोर्ट्स पार्क रोहिणी सेक्टर-8 और डीडीए पार्क अमन अपार्टमेंट्स के निकट रोहिणी सेक्टर-13 एक्सटेंशन में है। इस अवसर पर विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में कुल 13 सार्वजनिक पार्क हैं। आज के उद्घाटन के साथ अब तीन पार्कों में आधुनिक जिम ढांचा उपलब्ध हो गया है। शेष पार्कों को भी इसी तरह विकसित करने की योजना प्रगति पर है, जिससे पूरे क्षेत्र में समान रूप से फिटनेस संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। रोहिणी में एक सभा के दौरान विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि रोहिणी केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह साझा सपनों का एक समुदाय है, जो सामूहिक प्रयास और प्रतिबद्धता से आकार ले रहा है।

## भाजपा सांसद चंदोलिया व अन्य नेताओं पर आरोप तय




**तोड़फोड़**

- तोड़फोड़ के मामले में सांसद चंदोलिया समेत दूसरे नेताओं के खिलाफ आरोप तय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 2020 में कोरोना प्रतिबंधों का उल्लंघन करने और जल बोर्ड के दफ्तर पर तोड़फोड़ के मामले में भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया समेत दूसरे नेताओं के खिलाफ आरोप तय कर दिया है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने आरोप तय करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 मई को होगी। कोर्ट ने 29 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में राघव चड्ढा ने कोर्ट में याचिका दायर कर इस मामले की मॉनिटरिंग करने की मांग की थी। राघव चड्ढा की शिकायत पर देशबंधु गुप्ता थाने में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया था। मामले में भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, भाजपा नेता आदेश गुप्ता, रवि तंवर और विकास तंवर को आरोपित बनाया गया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 188, 269, 147, 148, 149, 427 और प्रिवेंशन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट और पंडेमिक एक्ट की धारा 3 के तहत चार्जशीट दाखिल किया था।

## एनडीएमसी के शिविर में मिली 83 शिकायतें

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने क्षेत्रीय लोगों और सेवाओं के उपयोगकताओं के लिए शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शिकायत निवारण सुविधा शिविर का आयोजन किया। इसमें लोगों से जुड़ी जानकारियां, सुविधा, सूचना और शिकायतों का समाधान एक ही जगह पर उपलब्ध किया गया। एनडीएमसी के अधिकारियों को शिविर में जनता से 83 शिकायतें प्राप्त हुई। नई दिल्ली क्षेत्र के निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। एनडीएमसी नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सैकड़ो स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने सुविधा शिविर का दौरा किया। पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर चर्चा की।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब ने गोल्फ लिंक क्षेत्र का किया दौरा, बोले मानसून में नहीं होगा जलभराव

**जायजा**

- गोल्फ लिंक क्षेत्र का दौरा कर वहां चल रहे नाले, सीवर लाइन और सम-वेल निर्माण कार्यों का जायजा लिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने गोल्फ लिंक क्षेत्र का शनिवार को दौरा कर वहां चल रहे नाले, सीवर लाइन और सम-वेल निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद रहीं। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी आवश्यक कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं और सभी कार्य 30 मई तक पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान इस बार जलभराव की स्थिति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमने आज गोल्फ लिंक क्षेत्र का दौरा किया, क्योंकि पिछले मानसून में यह इलाका पूरी तरह से जलमग्न हो गया था। इस बार हम पूरी तरह से तैयार हैं। एनडीएमसी ने सभी आवश्यक वर्क ऑर्डर जारी कर दिए हैं और काम तेजी से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि यहां तीन नए सम-वेल बनाए जा रहे हैं, जहां पंप पहले ही लगाए जा चुके हैं, ताकि बारिश का पानी सीधे ड्रेनों में डाला जा सके।

### राष्ट्रीय हरित अधिकरण में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शनिवार को प्रधान न्यायपीठ स्थित परिसर में लंग केयर फाउंडेशन और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में फेफड़ों की कार्यप्रणाली का आकलन किया गया, साथ ही संबंधित प्रश्नावली भरने के बाद स्पाइरोमेट्री परीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने एनजीटी के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में किया

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने 'देवी योजना' पर आआपा के प्रदेश अध्यक्ष के बयान की निंदा की

**साधा निशाना**

- भारद्वाज का बयान उनकी राजनीतिक हताशा और उनके द्वारा भ्रम की राजनीति करने का प्रमाण है।



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के दिए बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि सौरभ भारद्वाज का बयान उनकी राजनीतिक हताशा और उनके द्वारा भ्रम की राजनीति करने का प्रमाण है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कल दिल्ली की सड़कों पर उतारी गई 400 "देवी योजना" बसों को लेकर आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज का ब्यान उनकी पार्टी की राजनीतिक हताशा का प्रमाण है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पर क्रेडिट चोरी का आरोप लगाने वाले सौरभ भारद्वाज जवाब दें कि आखिर क्यों उनकी सरकार उद्घाटन के बाद भी बसों को सड़कों पर नही उतार पाई थी जबकि भाजपा सरकार ने कानूनी प्रक्रिया का पालन कर बसों को चलवा दिया है। सच यह है कि देवी योजना की यह बसें जब आईं तो इनमे कुछ तकनीकी एवं कागजी कार्यवाही दिल्ली सरकार को सप्लायर कम्पनी से पूरी करवानी थी। चुनाव नजदीक देखते हुए आतिशी मालेर्ना सरकार ने इन्हे बिना प्रक्रिया पूरी करे इनके मोहल्ला बस स्कीम में चलने की घोषणा एवं उद्घाटन कर डाला।

## लूटपाट के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वेलकम थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से शिकायतकर्ता से लूटा हुआ बैग व मोबाइल फोन बरामद किया है। इसके अलावा लोगों को ठगने में काम आने वाली असली नोटों जैसी दिखने वाली रद्दी कागज की दो गड्डियां और वारदात में इस्तेमाल ऑटो भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सलीम (48), रुस्तम (23) और आकाश (42) के रूप में हुई है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि 27 अप्रैल को वेलकम थाना पुलिस को लूटपाट की सूचना मिली। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को 17 वर्षीय शिकायतकर्ता शिवम मिले। उन्होंने बताया कि दोपहर 3.45 बजे वह कश्मीरी गेट बस अड्डे से आनंद विहार बस अड्डे जाने की लिए ऑटो में बैठे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार उस ऑटो में ड्राईवर व दो अन्य सवारी पहले से ही बैठी थी। ऑटो जैसे ही वेलकम मेट्रो स्टेशन पार करके झील पार्क पहुंचा तो उतरने के बहाने से ऑटो मे पहले से सवार यात्रियों ने ऑटो को रुकवा लिया और उतरते वक्त उनका बैग छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस बीच पुलिस ने एक गूप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

## लापता बच्चे को खोजकर परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** घर का रास्ता भूलकर इधर उधर भटक रहे एक पांच वर्षीय बच्चे को सागरपुर पुलिस ने खोजकर परिजनों से मिलवाया है। पुलिस टीम ने परिजनों की तलाश में बच्चे के फोटो विभिन्न ग्रुप में साझा करने के अलावा सीसीटीवी कैमरों की जांच समेत घर घर जाकर पूछताछ की। दक्षिण पश्चिम जिले की अडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सागरपुर पुलिस को सूचना मिली कि डाबड़ी दीपावली चौक पर पांच वर्षीय एक बच्चा भटक रहा है। घर का पता न बता पाने की वजह से वह रोए जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर बच्चे को कब्जे में लिया। इसके बाद उसके परिजनों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने बच्चे के मिलने वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। कई घंटों की मशक्कत के बाद बच्चे के परिजनों को पुलिस टीम ने खोज लिया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया गया गया।

--------------



# समाज को सशक्त बनाने के लिए नशे का करें त्यागः बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने और चंडीगढ़ को भारत का पहला ड्रग-फ्री शहर बनाने के उद्देश्य से आज शनिवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित तिरंगा पार्क में ड्रग फ्री चंडीगढ़ के लिए पदयात्रा का आयोजन किया गया। वॉक का नेतृत्व पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने किया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो न केवल व्यक्ति को, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को खोखला करती है। यह हमारे युवाओं की ऊर्जा, उनकी प्रतिभा और उनके सपनों को छीन लेती है। राज्यपाल ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को



इसके खतरों के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज की यह वॉकथॉन समाज में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन लोगों को नशे से दूर रहने व समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों की सरकारों को नशे के खिलाफ एक संयुक्त नीति बनाकर कार्य करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि नशे की समस्या से निपटने के लिए हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में अनेक कदम उठा रही है। सरकार ने पंचकूला में एक अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की है।

इसके साथ ही एंटी नारकोटिक्स सैल्स भी स्थापित किए गए हैं। मादक पदार्थों से सम्बन्धित मामलों की जल्द सुनवाई तथा सजा सुनिश्चित करने हेतु राज्य के सभी जिलों में फास्ट्रैक न्यायालयों की स्थापना की जा रही है।

### नशे के खिलाफ जंग में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका हैः राज्यपाल

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने ड्रग फ्री चंडीगढ़ पदयात्रा के दौरान सभी पत्रकारों व मीडिया कर्मियों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जंग में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। मीडिया समाज में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगों में जागरूकता पैदा करता है। समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने सभी प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलवाई। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान, हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविन्द शर्मा, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, पंजाब के राज्य सभा सांसद सतनाम संधू व विक्रमजीत सिंह मौजूद रहे।

## बारिश में भीगी गेहूं गोदाम में पर डीएम-व्यापारी आमने-सामने, धरने पर बैठे व्यापारी

**फतेहाबाद:** जिले के शहर भूना में बारिश में भीगी गेहूं की बोरियों को गोदाम में रखने से इनकार करने पर शनिवार को हैफेड के जिला प्रबंधक राजेश कुमार हुड्डा और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। व्यापार मंडल के प्रधान अजय कुमार ने आरोप लगाया कि डीएम ने व्यापारियों से गाली गलौज की। वहीं डीएम ने कुछ व्यापारियों पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया। डीएम राजेश हुड्डा ने कहा कि बारिश में भीगी गेहूं को गोदाम में रखने के लिए धरना प्रदर्शन कर दबाव बनाया जा रहा है।, लेकिन खराब गेहूं को किसी भी हालत में गोदाम में नहीं रखा जाएगा। क्योंकि इससे दूसरी गेहूं भी खराब हो सकती है। गोदाम इंचार्ज को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

# पंजाब का संघीय ढांचें में कोई विश्वास नहीं: रामपाल माजरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा को पंजाब द्वारा भाखड़ा का पूरा पानी न देने पर सरकार द्वारा शनिवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा और विधायक अदित्य देवीलाल ने शिरकत की। बैठक के बाद रामपाल माजरा ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में उन्होंने पानी के मुद्दे को बड़ी गहनता से उठाया। पंजाब का संघीय ढांचे में कोई विश्वास नहीं है। हरियाणा के पानी के उपर अनेकों एग्रीमेंट हुए हैं लेकिन उन सभी को पंजाब ने नामंजूर किया है। एसवाईएल के उपर 2002, 2004 और 2016 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय जो हरियाणा के पक्ष में आए उन्हें भी आज तक लागू नहीं किया है। हमने इस बात की भी आलोचना की कि जिस तरह से भाखड़ा डैम के उपर पुलिस लगाई गई और मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों ने जाकर यह प्रदर्शित किया कि वो हरियाणा को पानी नहीं देंगे।

**पानी का मुद्दा**

**दिल्ली और हरियाणा की जनता को सबक सिखाने के लिए भगवंत मान ने यह प्रोपेगेंडा रचा है : रामपाल माजरा**

हम हरियाणा प्रदेश की जनता की रखवाली के लिए सभी मतभेद भुलाकर हरियाणा सरकार के साथ खड़े हैं। परंतु हरियाणा सरकार हरियाणा की जनता की ठोस लड़ाई लड़े और ठोस कदम उठाए। बहुत बातें एसवाईएल, रेणूका, किशाऊ और लखवार डैम पर भी हुई। हमने सिंचाई के अनेकों मुद्दों को भी उठाया। परंतु हमने सर्वोपरि इस मुद्दे को उठाया कि भाखड़ा के पानी का हरियाणा का हिस्सा जो 9 हजार क्यूसेक है वो हमें मिले जिससे दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान की प्यासी जमीन और प्यासे लोगों की प्यास बूझ सके।

## न्यूज फ्लैश

### झज्जर में छह केंद्रों में होगा नीट का आयोजन

**झज्जर।** जिले में रविवार चार मई को आयोजित होने जा रही नीट-यूजी (एनटीए) परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूर्ण कर ली हैं। जिलाधीश प्रदीप दहिया ने नीट-यूजी परीक्षा के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिलाधीश की ओर से शनिवार को बताया गया कि यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 16(1) व 17(1) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं।गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेरी खुम्मार, झज्जर के परीक्षा केंद्र पर बीडीपीओ उमेद सिंह, ड्यूटी रहेंगे। पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बीकानेर चौक) परीक्षा केंद्र पर बादली के नायब तहसीलदार अरविंद ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीकानेर चौक परीक्षा केंद्र पर लोक निर्माण विभाग के उप मंडल अभियंता आदीश मित्तल ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, झज्जर (पीजी नेहरू कॉलेज के पास) परीक्षा केंद्र पर ऋषिपाल, एसडीओ (पशुपालन एवं डेयरी विभाग) ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे। केंद्रीय विद्यालय, झज्जर बहादुरगढ़ रोड परीक्षा केंद्र पर युधवीर, एसडीओ, (पंचायत विभाग) ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे। जिलाधीश प्रदीप दहिया ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करवाने के मद्देनजर परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लागू रहेगी। जिलाधीश ने परीक्षा केंद्रों पर कानून एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आदेश जारी करते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास (200 मीटर की सीमा में) निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षाएं आयोजित करने के उद्देश्य से परीक्षा के दौरान धारा 163 के तहत जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के अंतर्गत स्थित सभी फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


### पंचायत विभाग के निदेशक ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**रेवाड़ी।** विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक डा. जे.के. अभीर ने शनिवार को जिला के विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर मनरेगा योजना के तहत करवाए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि गांवों में लोगों को मनरेगा स्कीम के अंतर्गत अधिक से अधिक रोजगार दिलवाया जाए। पंचायत विभाग के निदेशक डा. जे.के. अभीर ने कहा कि हरियाणा राज्य मनरेगा श्रमिकों को भारत वर्ष में सबसे अधिक मेहनताना दे रहा है। यहां श्रमिक को 400 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिहाड़ी दी जाती है। रेवाड़ी जिला में अभी आठ हजार से अधिक मजदूर मनरेगा में काम कर रहे हैं। इनकी संख्या में और अधिक इजाफा होना चाहिए। मनरेगा योजना का सकारात्मक पक्ष यह है कि एक आदमी को उसके गांव में ही रोजगार मिल रहा है, उसे कहीं दूसरी जगह जाने की आवश्यकता नहीं है। विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक डा. जे.के. अभीर ने शनिवार को रेवाड़ी जिला के गांव लाधुवास अहीर में डब्ल्यूबीएम रास्ते का निर्माण, खण्ड डहीना के गांव भोतवास अहीर में डब्ल्यूबीएम रास्ते का निर्माण, गांव धवाना के पार्क का विकास, गांव गुलाबपुरा में मिट्टी कार्य, गांव सीहा में किचन शेड, चारदीवारी और शौचालय का निर्माण, गांव खोल में भूमि समतलीकरण, गांव जाड़रा और देहलावास में करवाए जा रहे सिंचाई कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विकास के काम करवाते समय सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान अवश्य रखा जाए।इस मौके पर जिला परिषद के परियोजना अधिकारी अर्जुन लाल गुप्ता, पीओ मनरेगा विपिन आर्य, जेई ज्ञानेश कुमार सहित गांवों के पंच, सरपंच व ग्राम सचिव आदि मौजूद रहे।

# जल विवादः पानी के मुद्दे पर सभी दल सरकार के साथः भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**एकजुट**

**जहां तक हरियाणा के पानी का सवाल है तो हम सभी दल एक साथ प्रदेश सरकार के साथ खड़े हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा और पंजाब के बीच मौजूदा जल विवाद को लेकर हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शनिवार को कहा कि इस मुद्दे को लेकर सब दल एक साथ हैं। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा आहूत सर्वदलीय बैठक के दौरान हुड्डा ने कहा जहां तक हरियाणा के पानी का सवाल है तो हम सभी दल एक साथ प्रदेश सरकार के साथ खड़े हैं। किसी भी प्रदेश का पानी रोकना असंवैधानिक है। अभी तक पंजाब अपने शेयर से 9फीसदी ज्यादा पानी ले चुका है। यह पानी राजस्थान और दिल्ली भी जाएगा। पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोकना असंवैधानिक, अमानवीय और अलोकतांत्रिक फैसला है। अगर जरूरत पड़ी तो सब दल मिलकर केंद्र सरकार के पास भी इस मुद्दे को लेकर जाएंगे। चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के सभी दलों की पानी के विवाद पर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा और विधायक आदित्य देवीलाल मौजूद शामिल हुए। पूर्व उपमुख्यमंत्री और जेजेपी के नेता दुष्यंत चौटाला और पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा के पानी को रोके जाने पर चर्चा हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि अगर पंजाब हरियाणा को पानी नहीं देता तो इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी। भाखड़ा से हरियाणा को अभी 4000 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। इसमें से 800 क्यूसेक राजस्थान, 500 क्यूसेक दिल्ली और 400 क्यूसेक पानी पंजाब को भी जाता है। हरियाणा 8500 क्यूसेक पानी मांग रहा है। इसी पर पंजाब को आपत्ति है।

## पंजाब ने पानी रोका तो सरकार को आई भाखड़ा व्यास प्रबंधन की यादः संपत

**हिसार।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री संपत सिंह ने हरियाणा सरकार से सवाल किया है कि भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड से लंबे समय से दूरी क्यों बनाई हुई है। प्रदेश के पानी के मुख्य स्त्रोत सतलुज, व्यास और रावी नदी के पानी की उनको कोई चिंता नहीं है। पंजाब सरकार ने जब इन नदियों के पानी को रोका तो भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड की याद आई।संपत सिंह ने शनिवार को कहा कि बीबीएमबी सतलुज, व्यास और रावी के पानी के समुचित बंटवारा, संचालन व प्रबंधन करने वाली संवैधानिक संस्था है जिसमें हरियाणा सरकार अपने किसी प्रमुख वरिष्ठ मुख्य अभियंता सिविल की नियुक्ति करवाती रही है। परंतु पिछले कई वर्षों से हरियाणा सरकार की बेरूखी की वजह से न ही तो कोई सिंचाई विभाग का सदस्य नियुक्त किया गया और न ही सुंदर नगर में उपयुक्त व स्थाई प्रमुख अभियंता लगाया गया है। रहा है परंतु अब थोड़े.दिन पहले पंजाब के अधीक्षक अभियंता की नियुक्ति की गई।

# राज्य सरकार अंत्योदय कल्याण के प्रति वचनबद्धः कृष्ण कुमार बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि ईमानदारी, कर्मठता और मेहनत की बदौलत सैनी समाज की हमेशा अपनी विशेष पहचान रही है। महाराजा शूरसैनी के वंशज सैनी समाज की आपसी भाईचारा और मिलनसार व्यवहार भी खूबी है। कृष्ण कुमार बेदी आज नरवाना में आयोजित सैनी सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराजा शूरसैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले की शिक्षा आज भी बराबर प्रासंगिक है और वर्तमान सरकार इन्हीं महात्माओं द्वारा बताए आदर्शों का अनुसरण करते हुए जन कल्याण के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। समाज के आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता है। इस दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय कल्याण के लिए गए फैसलों से नए सामाजिक उत्थान का सूत्रपात हो रहा है। बेदी ने कहा कि महापुरूषों के जीवन मूल्य किसी भी समाज की उन्नति के लिए जीवंत आधार होते हैं। प्रदेश सरकार संत कबीर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, गुरू रविदास, संत धन्ना भगत, महात्मा ज्योतिबा फूले जैसे साधु संतों द्वारा दिखाए रास्ते पर ही चल रही है।

**प्रासंगिक**

**संत महापुरुषों के जीवन मूल्यों के अनुरूप हरियाणा में हो रहा प्रत्येक वर्ग का उत्थान - कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी**

## रेवाड़ी :फसल अवशेष जलाना अपराध,होगी कार्रवाई: अभिषेक मीणा

**रेवाड़ी।** फसल अवशेषों को आग लगाना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में सूचना मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त अभिषेक मीणा ने शनिवार को कहा कि जिला प्रशासन फसल की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष (फाने) जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सजग और सतर्क है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से आग अनियंत्रित हो जाती है।

# भाखड़ा का पूरा पानी लाना सुनिश्चित करे सरकारः दुष्यंत



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी ने मौजूदा जल संकट के विषय पर राज्य सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया है और मांग की है कि पंजाब के साथ जल समझौतों को पूरी तरह लागू करवाने के लिए हरसंभव कदम उठाए। पंजाब द्वारा पानी रोके जाने के विषय पर हुई सर्वदलीय बैठक में जेजेपी की तरफ से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा ने हिस्सा लिया और सरकार से उचित कदम उठाने को कहा। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार को भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड में हरियाणा के अधिकारियों की संख्या बढ़ानी चाहिए ताकि हमारे अधिकारी अपने राज्य के हक के पानी के लिए बेहतरी से पैरवी कर पाए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के तानाशाही रवैये को देखते हुए केंद्र सरकार को नंगल डैम पर तुरंत प्रभाव से अर्धसैनिक बल की तैनाती करनी चाहिए और हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी दिलाए। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज पंजाब से पूरा पानी नहीं मिलने के चलते हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, जींद जैसे अनेक जिलों के लोग पेयजल संकट का सामना करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार और पंजाब सरकार को गंभीरता के साथ जल्द जल बंटवारे के विवाद को सुलझाना चाहिए। हरियाणा सरकार को लोगों के लिए पेयजल की आपूर्ति के प्रबंधन के लिए अन्य संसाधनों और आपात व्यवस्थाओं पर भी गंभीरता से तुरंत कदम उठाने चाहिए।

**सरकार के साथ**

**बीबीएमबी में हरियाणा के अधिकारियों की संख्या बढ़ाकर अपने हक का पूरा पानी लेने की स्थाई व्यवस्था करे**

# एक दिन की बारिश ने खोली मंडियों में प्रबंधों की पोलः सैलजा

**साधा निशाना**

**-गेहूं की गुणवत्ता खराब होने से हुआ नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में सरकार की ओर से कैसी व्यवस्था की गई है कि इसकी पोल एक ही दिन की बारिश ने खोलकर रख दी है। समय पर उठान न होने के कारण मंडी में गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो रहा है। आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा, बारिश से गेहूं खराब होने को लेकर किसानों और आढ़तियों में भारी रोष है क्योंकि भीगने से गेहूं की गुणवत्ता घटेगी, तो उसका नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को जबकि तुलाई के बाद किसान की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि अनाज मंडियों में व्यापक प्रबंध न होने पर उनकी ओर से पहले भी कई बार यह मुद्दा उठाया था कि सरकार द्वारा मंडियों की सुध ली जा रही है जिससे पूरा उठान भी नहीं हो पा रहा है। अब जब किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है, क्या किसी की कोई जवाबदेही तय होगी? भाजपा सरकार बिना देरी के इस व्यवस्था को सुधारे ताकि मंडियों में पड़ा अनाज यूं ही खराब न हो। समय पर उठान न होने के कारण अनाज मंडियों में गेहूं बारिश में भीग कर खराब हो रहा है।



# निजी विद्यालयों को छात्रों का विवरण 15 मई तक लिंक पर करना होगा अपलोड

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान चिराग स्कीम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा पांचवीं से बारहवीं में मान्यता प्राप्त 689 निजी विद्यालयों में गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जानी है। शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा दशार्यी गई सीटों पर दाखिला छात्रों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने के लिए लिंक / को 15 मई 2025 तक लाइव कर दिया गया है।

उक्त लिंक तथा टक्र पर छात्रों का विवरण 15 मई तक अपडेट करवाने बारे संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं। प्रवक्ता ने जानकारी दी गई है कि इस बारे में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विद्यालयों से डाटा अपडेशन की दैनिक रिपोर्ट प्राप्त कर शिक्षा निदेशालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें, ताकि डाटा अपडेशन अनुसार दाखिल छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का क्लेम विद्यालयों को जारी किया जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि चिराग योजना के तहत कक्षा पांचवीं से बारहवीं में सहमति प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों द्वारा 15 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक छात्रों के आवेदन प्राप्त करने हेतू तथा 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक दाखिले की प्रक्रिया संपन्न की जानी थी।

# हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहाः मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री राजेश नागर ने शनिवार को जिला फरीदाबाद के सेहतपुर पल्ला में सीवरेज और पीने के पानी की लाइन डालने के कार्य का स्थानीय लोगों के हाथों से नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज पल्ला से सेहतपुर तक सीवर लाइन और पीने के पानी की पाइप लाइन डालने के दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन विकास कार्यों पर सरकार द्वारा लगभग 5 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सीवर लाइन बिछाने पर लगभग 3 करोड़ 14 लाख रुपये



तथा पीने के पानी की लाइन डालने पर लगभग 2 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत आएगी। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ हो और हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। दोनों ही नेताओं का लक्ष्य हसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह के मंत्र को साकार करते हुए आम जन तक विकास की वास्तविक पहुंच सुनिश्चित करना है। चाहे वह बुनियादी ढांचे का विस्तार हो, स्वास्थ्य सेवाओं का सुधार, शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हो या ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण—हर क्षेत्र में तीव्र गति से कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचाने का संकल्प लिया है। पल्ला से सेहतपुर तक सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन जैसी परियोजनाएं इसी नीति का प्रमाण हैं, जो यह दर्शाती हैं कि सरकार आम जनता की प्राथमिक आवश्यकताओं के प्रति कितनी संवेदनशील और जिम्मेदार है। इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर सक्रिय और प्रतिबद्ध है। स्थानीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग को साकार रूप देते हुए इन विकास कार्यों की शुरूआत एक नए युग की शुरूआत है। सीवर लाइन की व्यवस्था से क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य को नया आयाम मिलेगा, वहीं पीने के पानी की पाइपलाइन से हर घर तक शुद्ध और सुरक्षित जल की पहुंच सुनिश्चित होगी।

**विकास पर बल**

**जनता की बुनियादी जरूरतों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है सरकार : खाद्य मंत्री राजेश नागर**

# 15 दिवसीय हरियाणावी लोकनृत्य कार्यशाला का समापन

**नृत्य कार्यशाला**

**बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनमें छिपी प्रतिभा की एक मंच प्रदान किया जाये।**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण परिषद्, बाल भवन, अम्बाला के दिशा-निर्देशानुसार लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए कला एव संस्कृति कार्य विभाग हरियाणा एवं जिला बाल कल्याण परिषद्, बाल भवन, अम्बाला के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिवसीय हरियाणावी लोक नृत्य कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर डॉ. सुषमा गुप्ता, माननीया मानद् महासचिव, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद्, चण्डीगढ़ ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यशालाओं के माध्यम से हरियाणा की सांस्कृतिक परम्पराओं की जानकारियां प्राप्त हुई है तथा उन्हें अपनी अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक अवसर भी मिला है। युवा पश्चिमी सभ्यता के कुप्रभाव से बचकर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का पेहरेदार बन सकेंगा। ऐसे-ऐसे सांझे प्रयास निरन्तर चलते रहने चाहिए।जिला बाल कल्याण अधिकारी, अम्बाला विश्वास मलिक द्वारा इस अवसर पर निदेशक, कला एव संस्कृति विभाग हरियाणा का धन्यवाद करते हुए कहा कि माननीय उपायुक्त एव अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण परिषद्, बाल भवन, अम्बाला के आदेशानुसार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनमें छिपी प्रतिभा की एक मंच प्रदान किया जाये। इसके लिए जिला बाल कल्याण परिषद् ऐरोबिक्स, पेन्टिग, लोकनृत्य व कथक व अन्य विद्याओं की ग्रीष्मकालीन हॉबी क्लास बाल भवन में चल रही हैं। रूचिकर कक्षाओं के समापन के अंतिम तिथि 30 जून 2025 को बाल भवन का अपना सभी का मनपसंदीदा सदियों का प्रोग्राम ह्यह्यबाल भवन की एक शाम, आपके नामह्नह्न के तहत एक बड़ा शौ आयोजित कर बच्चों को एक मंच प्रदान किया जाएगा। डॉ0 प्रदीप स्नेही, पूर्व प्रिंसिपल, एस0 ए0 जैन कॉलेज, अम्बाला शहर ने भी आज की युवा पीढ़ी को आह्वाहन किया कि अपने संस्कृति धरोहर के पहरेदार बनकर इस सांस्कृतिक धरोहर को संजोय रखा जा सकें।

इस मौके पर डॉ0 तजेन्द्र वालिया, पूर्व पी0 सी0 एस0 अधिकारी (पंजाब) ने कहा कि जिस देश एवं प्रदेश की लोक संस्कृति जिन्दा हैं वहां पर तरक्की के रास्ते खुद-ब-खुद बन जाते हैं और संस्कृति विभाग, हरियाणा से अनुरोध किया कि हरियाणा लोक नृत्य की कार्यशाला प्रत्येक वर्ष प्रत्येक जिले में बाल कल्याण परिषद् के माध्यम से बाल भवनों में आयोजित की जायें।

प्रशिक्षिक बुधराम ने बताया कि समयानुसार कला में प्रयोग होना, समय की मांग हैं अन्यथा कला बूढ़ी हो जाएगी, तभी तो आज का युवा कलाकार पुरातन, संस्कृति को महसूस कर पायेगा। बशर्तें उसके मूर्त स्वरूप से छेड़छाड़/बदलाव ना हो। उन्होंने इस संयुक्त कार्यक्रम के तहत 22 बच्चों को हरियाणावी लोक संस्कृति नृत्य में प्रशिक्षित किया गया।

इस अवसर पर सरोज मलिक, बाल कल्याण अधिकारी, मुख्यालय चण्डीगढ़, राजेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी, सचिन गुप्ता, हरबिन्दर सिंह, इंचार्ज हॉबी क्लास, राकेश मक्कड़, इंद्रजीत सिंह व अशोक कुमार, आजीवन सदस्य, अभिमन्यु दूहन, प्लेवे स्कल एसोसिएशन, अम्बाला, एच0 एल0 बिन्द्रा, प्रधान, चैरीटेबल एंड वैलफेयर सोसाईटी, अम्बाला, अशोक राणा, जे0 पी0 सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# सरकारी विद्यालय पर अतिक्रमण और दुर्दशा के लिए जिम्मेदार कौन !

**अवैध कब्जा**

**एक पूर्व कर्मचारी ने विद्यालय के कमरे और परिसर पर किया हुआ है अवैध कब्जा**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा** । सरकारी जमीनों और जलाशयों पर अवैधकब्जे के तो तमाम मामले देखने को मिलते रहे हैं। भगवान श्री कृष्ण की जन्म और कीड़ा स्थली मथुरा में एक शिक्षा के मंदिर सरकारी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज परिसर में विद्यालय के ही रिटायर वरिष्ठ लिपिक के द्वारा एक कमरे को स्टोर और विद्यालय परिसर को अपने निजी प्रयोग के लिए अवैध रूप से कब्जा कर उसमें ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों को रखा हुआ है कब्जारत कमरे पर ताला भी अवैध कब्जेदार ने लगाया हुआ है । ऐसा नहीं है इस मामले की जानकारी शिक्षा विभाग के




अधिकारी और क्षेत्रीय राजस्व विभाग के अलावा पुलिस को न हो भली भाँति जानकारी है। जानकारी के अनुसार जनपद की तहसील गोवर्धन क्षेत्र के गांव अडींग मै स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज जो सरकारी विद्यालय है इस विद्यालय मैं जो हालात बने हुए हैं उनके अनुसार इसी विद्यालय से वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल यादव जो वर्षों पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके हैं उन्होंने अपनी दबंगई के चलते विद्यालय के एक कमरे में अपना सामान भरकर ताला लगाया हुआ है वहीं विद्यालय परिसर जिसका खुला मैदान शिक्षारत शास्त्रों के लिए क्रीडा स्थल के रूप में प्रयोग होता है उसके एक बड़े भाग पर दीनदयाल यादव ने ट्रैक्टर ट्राली के अलावा अन्य कृषि उपकरण गोबर के उपले रखकर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है।

जिसकी वजह से विद्यालय प्रसार में गंदगी का अंबार लगा हुआ है यह सब विद्यालय परिसर में और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा में भी पूरा प्रकरण कैद है। जानकार सूत्रों के अनुसार स्थानीय लोगों ने इस संबंध में राजस्व विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर अवगत कराया जाता रहा है इसके बावजूद दीनदयाल यादव का अवैध कब्जा बना हुआ है। विद्यालय के पास जो पीछे की तरफ जमीन है उसमें गोबर का भंडारण किया हुआ है जो बरसात के मौसम में उसमें से निकलने वाली दुर्गंध से विद्यालय का स्टाफ और पढ़ने वाले बच्चे बुरी तरह परेशान रहते हैं जिसकी वजह से मौसमी बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है।

# कैंट सिविल अस्पताल में हरियाणा की सबसे बेहतर लैब स्थापित:सीएम राकेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला छावनी सिविल अस्पताल में डिस्ट्रिक इंटीग्रेटेड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी बनाई गई है। इस लैबोरेटरी में रोगियों के विभिन्न प्रकार के टेस्ट किए जा रहे हैं।

यह लैबोरेटरी आधुनिक उपकरणों से लैस है। यहां पर कैंसर से लेकर अन्य विभिन्न प्रकार की जांचें की जा रही हैं। हालांकि इससे पहले विभिन्न प्रकार की जांच आदि के लिए लोगों को चंडीगढ़ व अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था लेकिन अब इस लैब के बनने से अंबाला ही नहीं आसपास के जिलों के लोगों को भी फायदा हो रहा है।

जानकारी देते हुए अंबाला के सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने बताया कि हमें हेडक्वाटर से आदेश प्राप्त हुए थे, उसकी अनुपालना करते हुए हमने




अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में लैब को स्थापित कर दिया है। इसकी पुष्टि के लिए हमने लेटर भी हेडक्वार्टर को लिख दिया है। उन्होंने कहा कि इस लैब में सभी प्रकार के टेस्ट जैसे-ब्लड टेस्ट, बायामीस्ट्री जैसे हर तरह के टेस्ट इस लैब के अंडर किए जाते हैं। इससे पहले हमने सिटी पॉलिक्लीनिक में मालीक्लूयर लैब सबमिट की थी, जिसे अब छावनी सिविल अस्पताल में डिस्ट्रिक इंटीग्रेटेड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी के अंडर शिफ्ट कर दिया गया है। एसएमओ व लैब इंचार्ज डॉ. अनुराग गुप्ता ने बताया कि यह एक बहुत बढ़िया लैब है। यहां पर बायोपसी,कैंसर सहित सभी टेस्ट एक छत के नीचे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को यहां पर बेहतर सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में यह हरियाणा की सबसे बेहतर लैब बनकर उभरी है। जो सुविधा इस लैब में उपलब्ध है वो पूरे हरियाणा में किसी सरकारी अस्पताल की लैब में उपलब्ध नहीं है।

# नालों की सफाई में युद्ध स्तर पर जुटा नगर निगम

**टीम एक्शन इंडिया**

मथुरा

मथुरा वृंदावन महानगर क्षेत्र में नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देश पर युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है । नगर निगम एवं संस्था किंग ग्रुप के सफाई मित्रो के सहयोग से संपूर्ण मथुरा-वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत पूर्ण रूप से स्वच्छता हासिल करने में सफाई मित्रो द्वारा वर्षा रितु से पहले सभी बड़े नालों की सफाई की जा रही है। इसके अंतर्गत सभी वार्डों, गली, मोहल्ले में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई की जा रही है । नालियों की सफाई, नालियों से सिल्ट उठान का कार्य कराया जा रहा है। एवं रोस्टर अनुसार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों समस्त कार्यों की निगरानी निगम के अधिकारियों के साथ-साथ निगम की कार्यदाई संस्था किंग ग्रुप के अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है ।

# गुरुकुल में आयोजित हुई अन्तर्सदनीय चित्रकला प्रतियोगिता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज गुरुकुल के विद्यालय भवन देवयान में अन्तर्सदनीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने श्रेणी अनुसार ढ१ङ्क४ि ३ङ्क्ुी ंल्ली क्ल्र्ल्लि एवं र३'' छ्वी विषयों पर चित्रकारी के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। वहीं कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने टं२' टं्ल्लॅ विषय पर चित्रकारी प्रस्तुत कर अपनी योग्यता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक एवं ब्रिगेडियर डॉ॰ प्रवीण कुमार शर्मा ने प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उत्साहित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### टिकेत की पगड़ी उछलने पर जाटों में आक्रोश, एडीएम को दिया ज्ञापन

मथुरा

कलेक्ट्रेट पर अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा कल मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर हुए हमले को लेकर एडीएम को अखिल भारतीय जाट महासभा के युवाओं ने ज्ञापन सौपा ।

अखिल भारतीय जाट महासभा के आगरा मंडल के युवा मंडल अध्यक्ष बिश्बेन्द्र चौधरी ने कहा कि राकेश टिकैत जी पर हुए हमले केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि पुरी किसान समाज और लोकतंत्र की गरिमा पर हमला हुआ है पगड़ी का अपमान किसानो की अस्मिता का अपमान है हम सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे अराजक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जाए और टिकैट जी की सुरक्षा को बढ़ाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न दोहराई जा सके चौधरी ने कहा कि किसान आंदोलन देश के लोकतांत्रिक ढांचे का हिस्सा है और किसी भी सहमति का जवाब इंसान नहीं हो सकता है

उन्होंने प्रशासन से मांग की है हमले में शामिल सभी दोषियों पर शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त सजा दी जाए । यह पूरे किसान हिन्दू समाज का स्वाभिमान है इस पर आज आँच आई तो हम ईट से ईट बजाने का काम करेंगे ।

संयुक्त रूप से बबलू चौधरी हर्ष चौधरी आगाज खान नवाब पौनिया ने कहा कि यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पगड़ी का बहुत सम्मान किया जाता है और आज जिस तरह से देश के किसानो के बड़े नेता राकेश टिकैत पर हमला हुआ वह बहुत निंदनीय है ।

इस दौरान उपस्थित रहे सत्येंद्र चौधरी हर्ष चौधरी दिगंबर सिंह नवाब सिंह पूनिया बबलू चौधरी निशान्त चौधरी आगाज खान सुभम चौधरी हरबीर नाहरवार सुनील चौधरी बिरेन्द्र चौधरी हदेश चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### बृजवासियों से मिला स्नेह कभी भुलाया नहीं जा सकता: आशीष

मथुरा। मथुरा के जिला जज को हाल ही में गाजियाबाद जिले का जिला जज बनाया गया है उनके बधाई समारोह में सभी ने उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला जज आशीष गर्ग ने कहा कि बृजवासियों का जो स्नेह मिला है वह कभी बुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि जिला न्यायालय के सभी साथी अधिकारी और कर्मचारियों ने जो सहयोग किया उसे भी वह याद रखेंगे। न्याय कर्मचारी संघ और ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट, सेल टैक्स के पूर्व अधिकारी चंद्रपाल सिंह पोनिया एडवोकेट आदि ने उनके कार्य एवं व्यवहार की सराहना की।

### भूतेश्वर पर जल भराव को देखते हुए निगम ने लगाया जनरेटर पम्प

मथुरा । महानगर के भूतेश्वर तिराहा पर जल भराव की समस्या के निदान के लिए नगर निगम ने 3 महीने के लिए स्थाई तौर पर पानी निकासी हेतु जनरेटर की व्यवस्था कर दी है।

शनिवार प्रातःकाल हुयी वर्षा के कारण भूतेश्वर अण्डर पास के नीचे हुये जल भराव के दृष्टिगत नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा भूतेश्वर अण्डर पास का निरीक्षण किया गया। अण्डरपास के नीचे एकत्रित पानी को निकलवाने हेतु अतिरिक्त पम्प सैट लगवाये गये साथ ही स्थायी पम्प को चालू किये जाने हेतु महाप्रबंधक जल को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री चौधरी द्वारा पानी की निकासी हेतु सभी पम्प एवं बूस्टर का भी निरीक्षण किया गया।

# मोटरसाईकिल चोरी करने के 2 आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों को सुलझाते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी व्हीकल थेफ़्ट टीम की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में जतिन वासी पाजू कलां जिला जींद व विजय कुमार वासी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके चोरीशुदा 5 मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 मई 24 को थाना शहर पेहवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में अमृतपाल वासी पेहवा ने बताया कि 19 मई 24 को शाम को वह अपनी मोटरसाइकिल से गुरुद्वारा बाऊली साहिब के पास श्रीचन्द मार्किट में काम से गया था। वह अपनी मोटरसाईकिल को मार्किट में खड़ी अपने काम से गया था। जब वह वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल वहां नही मिली जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है।

# 10 फुट चौड़ नाले की निकासी 2 फुट की पाइप से हो रही: सचदेवा

**जलभराव**

**अंबाला शहर में निकासी और बरसात के दौरान जलभराव की काफी समस्या रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर में निकासी और बरसात के दौरान जलभराव की काफी समस्या रही है। लेकीन इस समस्या को खत्म करने के लिए मेयर शैलजा सचदेवा के पति एंव मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा लगातार प्रयास कर रहे हैं। सन्दीप सचदेवा अंबाला के विलुप्त हो चुके नालों को खोजने में लगे है जो अंबाला प्रशासन को पता नही या वो भूल चुके हैं। सन्दीप सचदेवा ने कुछ दिनों के अंदर कई नालों को ढूंढ कर उन्हें चलवाने का काम शुरू कर दिया है। आज भी भाजपा नेता सन्दीप सचदेवा ने नगर निगम की टीम के साथ घेल ड्रेन को शहर रेलवे स्टेशन के पास साफ करवाने का काम किया और उसके साथ बह रहे नाला जोकि बंद हो चुका था उसे भी साफ करवाकर दोबारा नाला शुरू करवाने का काम किया।

घेल ड्रेन की हालत बता रही थी कि इसकी सफाई निगम भूल चुका है। हालात आप तस्वीरों में साफ देख सकते हैं कि कैसे नाले के अंदर कट्टे,पॉलीथिन फंसे है जिससे नाला आगे नही चल पा रहा।

सन्दीप सचदेवा ने खुद 3 घंटे खड़े होकर नाले की सफाई खउइ से करवाकर उसे खाली करवाने का काम किया। उन्होंने बताया नाले साफ होने से निकासी हो पाएगी और जलभराव की समस्या से शहर को निजात मिलेगी। उनकी कोशिश है कि जो भी नाले बंद है उन्हें साफ करवाकर चालू करवाया जाए।

एडवोकेट संदीप सचदेवा ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को 25 मार्च को शपथ ग्रहण होते ही मेयर द्वारा यह आदेश दे दिया गया था की 30 अप्रैल तक वह अपने हिसाब से शहर के नाले नालियों की सफाई करवा ले. 30 अप्रैल के बाद मेयर शैलजा संदीप सचदेवा की टीम खुद नालों की सफाई की समीक्षा करेगी और जहां-जहां नालों पर ध्यान नहीं दिया गया है वहां पर पहुंच कर, अपने निरीक्षण में नालों की सफाई करवाएगी. इसी के चलते आज एडवोकेट संदीप सचदेवा ने जेल ट्रेन का निरीक्षण करके वहां की समस्या को उजागर किया और तुरंत मौके पर जेसीबी बुलाकर नाले को खुलवाया . इस दौरान सचदेवा ने लोगों से अपील भी की कि लोग पॉलीथिन नालों में न फेंके इससे नाले ब्लॉक हो रहे है और निकासी नही हो पा रही।

अंबाला शहर निवासियों के लिए सोचने और हैरान करने वाली बात यह भी कि जिस प्रकार नालों की निकासि की अनदेखी पिछले वर्षों में अफसर शाही द्वारा की गई, और दो-दो फीट के पाइप निकासी के लिए लगाए गए उनके चलते जल भराव के कारण अंबाला शहर वासियों का जो नुकसान हुआ उसका जिम्मेवार कौन है. इन्हीं सवालों के चलते शहर में चर्चा यह भी है की मेयर द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम के चलते कई लोग परेशान भी हैं और ना काम करने वाले अफसर के पसीने भी छूट रहे हैं.

# राजकीय स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने और टैलेंट पर खर्च होगा 11 करोड़ 39 लाख का बजट:नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से राजकीय स्कूलों की इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने पर विशेष फोकस रखा है। इन स्कूलों में तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए भी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इस जिले में शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार स्कूलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर और टैलेंट जैसे अहम विषयों पर सरकार की तरफ से करीब 11 करोड़ 39 लाख का बजट तय किया है।




उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गृह क्षेत्र कुरुक्षेत्र में राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। इस जिले में समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत राजकीय स्कूलों में 35 से ज्यादा विषयों को जहन में रखकर कार्य किया जा रहा है। इन विषयों में स्कूलों में कमरों का निर्माण करना, बच्चों की प्रतिभा में निखार लाने के लिए 15 अगस्त, 26 जनवरी, कला उत्सव के साथ-साथ साल भर की सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध करवाने और स्कूलों में मुरम्मत आदि का कार्य करवाए जाते है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से समग्र शिक्षा की 35 से ज्यादा गतिविधियों को पूरा करने के लिए 7 करोड़ 12 लाख रुपए वर्ष 2024-25 के लिए सैंक्शन किए और इसमें से 6 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि गतिविधियों के लिए जारी की गई है। इस जिले में शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए सरकार की पीएमश्री योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। इस जिले में वर्ष 2024-25 में 46 गतिविधियों के लिए पीएमश्री के तहत 1 करोड़ 75 लाख रुपए की ग्रांट सैंक्शन की गई और इसमें से 1 करोड़ 67 लाख रुपए की ग्रांट जारी कर दी गई है। इतना ही नहीं पीएमश्री योजना और समग्र शिक्षा के तहत स्कूलों में सिविल कार्य करवाने के लिए 4 करोड़ 54 लाख रुपए का बजट सैंक्शन किया गया और इसमें से 3 करोड़ 50 लाख का बजट जारी किया गया है।

एसएमसी के माध्यम से स्कूलों में किए जाएंगे 26 विकास कार्य

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग ने दिसंबर 2024 तक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी(एसएमसी)के माध्यम से स्कूलों में क्लास रूम,लाइब्रेरी, कंप्यूटर रूम व हेड मास्टर रूम सहित अन्य कार्य करवाएं है।

# गांव नाहोनी में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** महर्षि मार्कंडेश्वर (डीम्ड यूनिवर्सिटी), मुलाना के विधि विभाग ने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अंबाला के सहयोग से सीजेएम प्रवीन के मार्गदर्शन में गांव नोहनी में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया, जिसमें संकाय सदस्यों, छात्रों और ग्रामीणों के साथ-साथ अन्य ने भाग लिया। गांव की सरपंच राज रानी के साथ कनिष्ठ अभियंता राजेश और पंचायत सचिव संदीप ने इस कार्यक्रम के आयोजन के साथ-साथ महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आभार भी



व्यक्त किया। इस मौके पर सुश्री रिम्पी भारद्वाज और डॉ प्रणव रंगा और डॉ अंजू, संकाय सदस्यों ने ग्रामीणों को आयोजित शविर में संबोधित करते हुए कानूनी सुविधाओं, अधिकारों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत 45 छात्रों को तीन समूहों में विभाजित करके की गई। प्रत्येक समूह के साथ एक संकाय सदस्य था। कुल 202 प्रश्नावली भरी गईं। विद्यार्थियों ने गांव में स्वच्छता, सफाई, नशाखोरी आदि सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों से पूछताछ की। सरपंच और ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

संपादकीय

# अलगाववादी तत्व भारत में शांति समृद्धि के शत्रु

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भारत स्तब्ध है। आतंकी हमले की खुले रूप में निंदा करते हुए अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने आतंकवादी कार्रवाई के विरुद्ध भारत का साथ देने की बातें कही हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध कई प्रतिबंधों की भी कार्रवाई की है। दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करने की कार्रवाइयां हो भी रही है। बर्बर हत्यारे आतंकियों की खोज जारी है।

भारत पर पाकिस्तान प्रायोजित हमले कई दशकों से जारी हैं। पूर्व में जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा था। संविधान में यह उपबंध 370 अलग से था। केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार ने लोकसभा में विधेयक लाकर 70 वर्षों की भारी समस्या को कुछ मिनट में ही पिछले वर्ष समाप्त कर दिया था। इसके बाद से जम्मू कश्मीर में शांति की आशा लगातार बलवती हो रही थी। यह बात अलग है कि छिटपुट आतंकी घटनाएं होती रही हैं तो भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्र सरकार के गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित जिम्मेदार अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में शांति के उपायों पर लगातार प्रयास करते हुए चिंतन मंथन किया।

जम्मू कश्मीर में कई दशकों से रुकी विकास की पुरानी परियोजनाओं और नई बड़ी परियोजनाओं को अंतिम रूप दिए जाने की कार्रवाई जारी है मगर आतंकवादियों और उनके समर्थकों को यह विकास और शांति की कार्यवाही नागवार गुजरी। पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर की खुशी कभी पसंद नहीं आई। पाकिस्तान की पृष्ठभूमि पंथ आधारित है। वह लगातार भारत में आतंकवादियों को भेज कर हमले करवाता रहा है। यह हमले सामान्य जनों से लेकर सरकारी दफ्तरों, मंदिरों, ट्रेनों-बसों में भी होते आए हैं। अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं पर भी आतंकवादी हमले होते रहे हैं। जिनमें अनेक श्रद्धालुओं की जाने गयी हैं। इन पवित्र यात्राओं के लिए अपने ही देश में सेना की तैनाती करनी पड़ती है। सेना से आतंकियों की भी मुठभेड़ होती है। कई बार हमारे सैनिक बलिदान होते हैं। मुठभेड़ में जो आतंकवादी मार दिए जाते हैं उनके लिए भी पंथिक आधार पर भारत में सहानुभूति देखी जाती है। अनेक अलगाववादी मोर्चे हैं, संगठन हैं, जो अलगवादियों को ताकत देते हैं। वही अलगाववादी तत्व भारत में शांति और समृद्धि के शत्रु हैं। इन आतंकवादी ताकतों को चिन्हित कर जब तक उन्हें कुचला नहीं जाएगा तब तक देश विरोधी ताकतें सक्रिय रहेंगी। पूरी दुनिया के लिए पाकिस्तान बड़ा खतरा है, इससे निपटने में कोई कोताही नहीं छोड़नी चाहिए। अमेरिका, इजरायल, रूस सहित दुनिया के देशों ने इस बर्बर कार्रवाई की निंदा की है। आतंकवादी किसी एक व्यक्ति या अधिक की हत्या करते हैं तो यह मात्र घटना नहीं है। यह एक क्रूर विचार है कि गोली-बारूद के दम पर भारत को डरा कर अपना दारुल हरब एजेंडा लागू करना है। इस विचार वाले लोग अनपढ़ (उम्मी) नहीं होते हैं। वह कई बार इंजीनियर होते हैं, डिग्रीधारक होते हैं। डॉक्टर और प्रोफेसर भी होते हैं। विज्ञान के जानकार होते हैं। मगर उन्हें अपने कट्टरपंथी धर्म का पालन निर्दोष लोगों की हत्या कर जिहाद करना है। इस्लामी आतंकी हमले आज भी जारी हैं।

# ऐतिहासिक निर्णय है जातिगत जनगणना



ऐतिहासिक निर्णय है

“ भाजपा ने कभी भी जातिगत जनगणना का विरोध नहीं किया। स्मरणीय है कि जब बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतिश कुमार इंडी गठबंधन में शामिल थे और उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी तब बीजेपी ने भी उस बैठक में भाग लिया था और जातिगत जनगणना का समर्थन किया था यद्यपि बीजेपी को विपक्ष के तौर तरीकों पर आपत्ति थी क्योंकि जनगणना मूलत: केंद सरकार का विषय है और इसमें राज्य सरकारों की कोई भूमिका नहीं है। अभी तक जिन राज्यों में यह जनगणना हुई है वह राजनीति से प्रेरित तथा सामाजिक तनाव बढ़ाने वाली रही है। केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना से पहली बार वास्तविक आंकड़े सामने आयेंगे।इस जनगणना के माध्यम से कई चीजे स्पष्ट हो सकेंगी जिसमें एक यह बड़ा मुद्दा भी है ”

**जम्मू** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर किये गये हिन्दू नरसंहार के बाद जनमानस में उपजे आक्रोष और पाकिस्तान पर कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहा आम जनमानस तथा राजनैतिक दल उस समय हैरान रह गए जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का बड़ा निर्णय सुनाया। केंद्र सरकार का यह निर्णय आते ही देश का राजनैतिक विमर्श जातिगत जनगणना पर केन्द्रित हो गया। आमजन यद्यपि यह सोच रहा है कि इस समय जब हम आतंकवादियों के शवों की प्रतीक्षा कर रहे हैं उस समय प्रधानमंत्री जी को ये क्या सूझ पड़ी, किन्तु आश्वस्त है कि प्रधानमंत्री जी ने ऐसा किया है तो अवश्य इसके पीछे कुछ रणनीति होगी। उधर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन इसे अपनी विजय बताकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहा है। कांग्रेस तो इतनी आतुर हो गई कि उसने सोशल मीडिया पर, सरकार उनकी, सिस्टम हमारा कैप्शन के साथ राहुल का प्रचार आरम्भ कर दिया, फिर उनको याद दिलाना पड़ा कि ये फिल्म में एक खलनायिका द्वारा कहे गए शब्द हैं जो आतंकवादियों के साथ है।


पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात प्रधानमंत्री जी ने कदा रुख अपनाया है और कहा है, हम आतंकवादियों तथा उनके पीछे छुपे लोगों का धरती के अंत तक पीछा करेंगे और सजा देंगे।

प्रधानमंत्री ने इस बार पाकिस्तान को कल्पना से अधिक दंड मिलने की बात भी कही है। संभव है, इस प्रक्रिया में समय लगे और लम्बे समय तक युद्ध की परिस्थितियां बनी रहें। उस समय में विपक्ष अपना राजनैतिक अस्तित्व बचाए रखने के लिए क्या झ क्या कर सकता है? स्वाभाविक रूप से जाती जनगणना जैसे मुद्दों को हवा देगा। भारत की अवश्यम्भावी विजय के उपरांत विपक्ष के पास क्या मुद्दा होगा? स्वाभाविक है वो पुनः अत्यंत आक्रामक रूप से जातिगत जनगणना के मुद्दे को उठाएगा यही कारण है कि केंद्र सरकार ने पहले ही जातिगत जनगणना का निर्णय लेकर उन वर्गों की चिंताओं को दूर कर दिया है जो मानती है कि जातिगत जनगणना उनके पक्ष में होगी और जिनको विश्वास में लेकर राहुल गाँधी तथा उनके मित्र देश और समाज का वातावरण बिगाड़ सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता के विचारों को आत्मसात करते हुए तथा संघ को अपने निर्णय में साथ लेकर केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है। कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को एक राजनतिक हथियार के रूप में उपयोग करके 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के मिशन 400 को पूरा होने से रोक दिया यद्यपि उसके बाद हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में भाजपा के नए नारों एक रहेंगे नेक रहेंगे और बटेंगे तो कटेंगे ने परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल दीं। वर्तमान में भारत -पाक के मध्य चल रहे तनाव के समय सरकार द्वारा लिया गया जातिगत जनगणना का निर्णय विपक्ष के लिए तनाव पैदा करने है भले ही इस समय वो इस फैसले को अपनी जीत मानकर जश्न मना रहा है। वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगियों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर विरोधी दलों के खतरनाक राजनीतिक एजेंडे पर पॉलटिकिल सर्जिकल स्ट्राइक कर दी है और एक बड़ा मुद्दा उनके हाथों से छीन लिया है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन और सदन के बाहर हमेशा यही कहते थे कि जब भी हमें मौका मिलेगा हम संसद से जातिगत जनगणना का प्रस्ताव पारित करवाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनके इस कथन का पटाक्षेप कर दिया है और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस जातिगत जनगणना पर केवल राजनीति ही करती रही है। वर्ष 1931 में जब देश में अंग्रेजों की सरकार थी तब जातिगत जनगणना हुई थी, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में अधिकांश समय कांग्रेस की सरकारें ही रहीं किंतु कांग्रेस ने कभी भी जातिगत जनगणना करवाने का साहस नहीं किया अपितु पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सरकार के गृहमंत्री पी चिदम्बरम तक ने सदन मे खड़े होकर 16 बिन्दुओं को आधार मानकर जातिगत जनगणना का कड़ा विरोध किया था और इसे देशहित के खिलाफ बताया था। यह एक कटु सत्य है किआज जिस कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी जातिगत जनगणना के नाम पर देश को अराजकता की आग में झोकने का प्रयास कर रहे हैं उस कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का हमेशा विरोध किया और इसे लागू नहीं होने दिया। पत्रकार वार्ता में जातिगत जनगणना के निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जातिगत जनगणना कराना समता, समरसता, सुशासन और सामाजिक न्याय के एक नये युग का आरंभ है। अब जातिगत जनगणना का मुद्दा पूरी तरह से बीजेपी के पाले में है। भाजपा ने कभी भी जातिगत जनगणना का विरोध नहीं किया। स्मरणीय है कि जब बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतिश कुमार इंडी गठबंधन में शामिल थे और उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी तब बीजेपी ने भी उस बैठक में भाग लिया था और जातिगत जनगणना का समर्थन किया था यद्यपि बीजेपी को विपक्ष के तौर तरीकों पर आपत्ति थी क्योंकि जनगणना मूलतः केंद सरकार का विषय है और इसमें राज्य सरकारों की कोई भूमिका नहीं है। अभी तक जिन राज्यों में यह जनगणना हुई है वह राजनीति से प्रेरित तथा सामाजिक तनाव बढ़ाने वाली रही है।

केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना से पहली बार वास्तविक आंकड़े सामने आयेंगे।इस जनगणना के माध्यम से कई चीजे स्पष्ट हो सकेंगी जिसमें एक यह बड़ा मुददा भी है कि हर जाति के दंबग लोग ही आरक्षण का लाभ उठाते चले आ रहे हैं जबकि उन्हीं जातियों और समाज के अन्य लोग पिछड़ते ही चले जा रहे हैं, उन्हें आरक्षण व सरकार की अन्य सुविधाओं का प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिल पा रहा है अर्थात क्रीमिलेयर का भी वास्तविक वर्गीकरण हो सकेगा। विपक्ष की जातिगत जनगणना केवल हिंदू समाज को जातियों में विभाजित करने की नीयत से थी जबकि मोदी सरकार अब संपूर्णता के आधार पर जातिगत जनगणना कराने जा रही हैं देश के इतिहास में पहली बार मुस्लिम समाज की जातियों की भी जनगणना होने जा रही है। इस जनगणना के माध्यम से धर्मांतरण करने वालों का आंकड़ा भी जुटाया जायेगा। धर्म परिवर्तन करने के कारण देश के कई हिस्सों की जनसंख्या और भौगोलिक संरचना में तेजी से बदलाव देखा गया है ।ऐसे में सरकार के यह भी पता करने का इरादा है कि किन धर्मों और जाति विशेष के लोगों में धर्मांतरण हुआ और किस हिस्से में इसका प्रभाव अधिक है। जातिगत जनगणना का परिणाम सामने आने के बाद सामाजिक आर्थिक स्थिति का सटीक डेटा मिल सकेगा। वंचित समूहों के लिए नीतियां बनाने में मदद मिल सकेगी संसाधनों और अवसरो का समान वितरण हो सकेगा तथा समाजिक असमानता को कम करने में मदद मिलने के साथ जाति व्यवस्था के कारण होने वाले भेदभाव की समस्या का भी समाधान हो सकेगा।

जातिगत जनगणना पर संघ का दृष्टिकोण भी स्पष्ट है कि यदि जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है तो समर्थन योग्य है और यदि उसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है तो उसका सदैव विरोध है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस निर्णय का समर्थन किया है। संघ का विचार है कि जाति का अंत आांकड़ों से नहीं, आत्मीयता से होगा लेकिन आंकड़ो के बिना न तो नीति बनेगी न्याय मिलेगा।



कविता

## घर तो बुजुर्गो के साये से बनता है

स्वप्न में आकाश सी ऊंचाई होनी चाहिए,
दिल में सागर सी गहराई होनी चाईये,

कल इतिहास बनेगा या भविष्य,
आँखों में इतनी बिनाई होनी चाहिये
बिनाई- निपुणता,

घर तो बुजुर्गो के साये से ही बनता है,
उनकी इज्जत अफजाई होनी चाईये।

गर ईश्वर में विश्वास हो पक्का तो
पवित्र गीता सी सच्चाई होनी चाहिए।

पड़ोसी खुन के रिश्तों जैसे होते हैं,
इन रिश्तों में गरमाई होनी चाहिए।

गर्भ में पलते बच्चे का भविष्य क्या हो
सद कर्मों की उसमें परछाई होनी चाहिए।

मुद्दतों बाद मिला है आज पुराना दोस्त,
खुशबुओं की खुशनुमाई होनी चाहिए,

जिसने वतन की खातिर खून बहाया,
वतन परस्ती की भरपाई होनी चाहिये

संजीव

## श्रेष्ठ गुणवत्ता को ग्रहण करें

**संजीव**

**भारतीय** संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं।

निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?

आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है।

विचार

## सीमाओं से परे: देश के भीतर पलते आधे मोर्चे की साज़िश

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत** के संवेदनशील भूगोल और जटिल समाजशास्त्र ने उसे हमेशा दोतरफा संघर्ष की जमीन बना रखा है—एक तरफ सीमाओं के पार के शत्रु, और दूसरी तरफ सीमाओं के भीतर के विचारात्मक विष। पर अब वह समय आ गया है जब यह द्विध्रुवीय युद्ध त्रिध्रुवीय हो चुका है। अब लड़ाई सिर्फ.पाकिस्तान और चीन से नहीं, उस ह्यआधे मोर्चेह्न से भी है जो देश की एकता को अंदर से खोखला कर रहा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले, भारत-पाक तनाव और उसी दौरान पंजाब-हरियाणा के बीच नंगल बांध को लेकर उपजा ताजा विवाद इस बात के साक्ष्य हैं कि देश बाहरी नहीं, अब आंतरिक साजिशों से ज्यादा असुरक्षित है।

**पहलगाम की त्रासदी:** आतंक की खुली चुनौती

20 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक निर्दोष हिंदू पर्यटक की आतंकियों द्वारा हत्या देश के जख्मों को फिर से हरा कर गई। यह हमला उस सोच की उपज है जो साजिशों की फसल को धर्म की खाद देकर उगाती है। आतंकवाद अब केवल सैन्य हमला नहीं रहा, यह एक मनोवैज्ञानिक युद्ध है जो डर, असुरक्षा और अस्थिरता फैलाने के लिए रचा गया है। मोदी सरकार के सुरक्षा दृष्टिकोण को लेकर भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि आतंकवाद के विरुद्ध वर्तमान नीति, जो संयम और प्रतिशोध दोनों को संतुलित करती है, एक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। सवाल यह नहीं है कि हमला क्यों हुआ, सवाल यह है कि उसके बाद भीतर के मोर्चे क्यों सक्रिय हो गए?घटना के कुछ ही दिन बाद, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा के हिस्से के पानी को रोकने का आदेश देते हुए नंगल बांध के नियंत्रण कक्ष पर पुलिस बल तैनात कर ताला जड़वा दिया। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि भारत की संघीय भावना के मुंह पर तमाचा था। जब एक राज्य संकट की घड़ी में दूसरे राज्य से युद्ध छेड़ता है, तब वह भारत की संवैधानिक आत्मा को घायल करता है। पानी पर राजनीति कोई नई बात नहीं, पर जब यह विवाद राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता के साए में हो, तब उसका रंग देशद्रोह के करीब लगने लगता है।

**आधा मोर्चा: वैचारिक देशद्रोह का नया नाम**

भारत के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत ने अपने समय में ढाई मोर्चे के युद्ध की बात कही थी – पाकिस्तान, चीन और देश के भीतर सक्रिय एक वैचारिक मोर्चा। यह ह्यआधा मोर्चाह्न किसी बंदूक या मिसाइल से नहीं लड़ता, यह कलम, कैमरा, कोर्ट, और कभी-कभी सत्ता के मंचों से देश की बुनियाद को हिला देने की चालें चलता है। भगवंत मान जैसे मुख्यमंत्रियों या अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं की राजनीति जब बार-बार भारत की अस्मिता के विरुद्ध खड़ी दिखे, तब यह संदेह बनता नहीं, प्रमाण बन जाता है कि यह 'आधा मोर्चा' देश के भीतर से ही भारतविरोधी ताकतों को ऑक्सीजन दे रहा है।

**पानी से ज्यादा भरोसा लीक हो रहा है**

यह सवाल नहीं रह गया कि पंजाब हरियाणा को पानी देगा या नहीं। असल सवाल यह है कि क्या संकट की घड़ी में भारत का एक राज्य दूसरे के साथ इस हद तक टकरा सकता है? क्या यह वो भारत है जिसे आजाद भारत के शिल्पियों ने अपने स्वप्नों में देखा था? या यह वो भारत है जहाँ नदियों से ज्यादा राजनीति बह रही है? नंगल डैम का ताला भारत की संघीय राजनीति का सिंबल बन चुका है – एक ऐसा सिंबल जिसमें विश्वास रिस रहा है, और उस रिसाव से भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने में दरारें उभर रही हैं।

**जनता के धैर्य की परीक्षा: मोदी के नेतृत्व की कसौटी**

आज देश दो तरफ से फंसा है – एक तरफ आतंक का हमला, दूसरी तरफ अंदरूनी साजिशों की उफान।

ऐसे समय में जनता की नजरें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर उठती हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


चिंतन

## मैनेजमेंट के मखमली पर्दे के पीछे दम तोड़ती पत्रकारिता

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**आजकल** के मीडिया और पत्रकारिता के परिवेश में जिस तरह से व्यावसायिकता, ब्रांडेड कंटेंट और ढफ मैनेजमेंट की छाया बढ़ी है, वह पत्रकारिता के लिए एक बड़ा संकट बनता जा रहा है। पहले जहाँ पत्रकारिता को समाज का प्रहरी माना जाता था, वहीं आज वह व्यापार, लाभ और स्वार्थ की जुबान में तब्दील हो चुकी है। खासकर ढफएजेंसियों और मीडिया प्रबंधन ने पत्रकारों को अपनी मुट्ठी में इस तरह से जकड़ लिया है कि उनका असली काम—सच सामने लाना—अब एक दम से परे हो गया है। यह सच है कि पत्रकारों का जीवन कभी भी आसान नहीं था, लेकिन आज के दौर में उनकी स्थिति पहले से कहीं ज्यादा कठिन हो गई है। एक तरफ जहां ढफमैनेजमेंट कंपनियां लाखों की फीस लेकर अपने ग्राहकों के लिए सुविधाएँ और ग्लैमरस इमेज तैयार करती हैं, वहीं दूसरी तरफ वही पत्रकार जो असल में सच्चाई को सामने लाने की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें अपनी टूटी फूटी बाइक पर सवार होकर दुनिया की कड़वी सच्चाई से निपटना पड़ता है। यही आज का मीडिया परिदृश्य है।हमारे समाज में आज मीडिया की भूमिका, पत्रकारिता की नींव के बजाय एक व्यापार बन गई है। यह भी सही है कि मीडिया कभी पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं रही है, लेकिन आज यह पूरी तरह से विज्ञापन, ब्रांडेड कंटेंट और राजनीतिक दवाब का शिकार हो चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में, ढफमैनेजमेंट ने मीडिया की धारा को इस कदर बदल दिया है कि अब पत्रकारिता में असल मुद्दे कम होते जा रहे हैं और साजिश, स्क्रिप्टेड खबरें और राजनीतिक एजेंडे ज्यादा होते हैं।

आजकल ज्यादातर मीडिया चैनल्स और अखबार ढफएजेंसियों की मदद से खबरें चलाते हैं, जिसमें उनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ व्यापारिक फायदे होते हैं। क्या कभी हमें सोचना चाहिए कि जिस वक्त हम खबर देख रहे होते हैं, क्या वह खबर सही है या किसी के हित के लिए तैयार की गई है? यह सवाल आज पत्रकारिता के असली उद्देश्य पर गंभीर संकट खड़ा करता है। पत्रकारिता, जो कभी जनता का मंच हुआ करती थी, आज एक उत्पाद बन गई है।

## घर जल रहा है..

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गली** नंबर पाँच में आज सुबह-सुबह उस किस्म की अफरातफरी थी, जैसी फालतू सोशल मीडिया पर वायरल हुए किसी भूतिया वीडियो में होती है। मगर यहाँ मामला जरा असली था। शर्मा जी के घर में आग लग गई थी। हां, वही शर्मा जी जो अपनी सोसायटी मीटिंग्स में मैं तो समाज सेवा के लिए जीता हूं कहकर मंच तोड़ देते थे। आग न जल रही थी, न जल रही थी—वो भभक रही थी। जैसे कोई पुरानी सास को बहू की नई साड़ी की कीमत बता दी जाए, वैसी भड़क। लोग चिल्ला रहे थे, पानी लाओ, बाल्टी लाओ, बाल्टी की मम्मी को भी बुलाओ! मगर शर्मा जी? वो मोबाइल में गूगल कर रहे थे—जलते हुए घर के पड़ोसी को सांत्वना कैसे दें? और फिर जैसे ही उन्होंने फोन जेब में रखा, टोपी सीधी की, और ऐलान किया—मैं वर्मा जी के घर जा रहा हूं, उनके बेटे को बुखार है। इंसानियत सबसे पहले। पड़ोसी भौचक्क, मोहल्ला सन्न, और आग को जैसे ऑक्सीजन मिली हो। शर्मा जी समाज सेवा के इतने बड़े फैन थे कि उन्होंने अपने घर की दीवारों को भी स्वच्छ भारत और बेटी बचाओ के पोस्टरों से सजाया था, ताकि आग जब लगे तो अच्छे विचारों के साथ लगे। ये वही शर्मा जी थे जो कहते थे, हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि पड़ोसी के दुख में साथ देना सबसे बड़ी पूजा है। कोई पूछे, साहब, पूजा में अगर घर ही भस्म हो जाए तो प्रसाद कहाँ चढ़ेगा? शर्मा जी की पत्नी, जिसे मोहल्ले वाले 'श्रीमती समाजसेवा देवी' कहते थे, वो तवा लेकर आग बुझा रही थी। तवा गरम हो गया, पर आग नहीं बुझी। शर्मा जी को कॉल किया—सुनिए, छढ्ढसिलेंडर गरम हो रहा है, आएंगे? और उधर से जवाब आया—वर्मा जी का बेटा बहुत कमजोर हो गया है, उसे गाजर का हलवा बना रहा हूं। सेवा में व्यस्त हूं। मोहल्ले वालों ने पहली बार महसूस किया कि आग की लपटें जब आदमी के विचारों से टकराती हैं, तो धुएँ में सिर्फ लकड़ी नहीं जलती, रिश्ते भी राख हो जाते हैं। शर्मा जी जब वर्मा जी के घर पहुँचे तो वहाँ का माहौल कुछ अलग था। बच्चे को मामूली जुकाम था। मगर शर्मा जी ने उसे गोद में उठाया।

## न्यूज फ्लैश

### गीता विद्यालय के लाजपत छात्रावास में हुआ अभिभावक, आचार्य व छात्र सम्मेलन



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : श्रीमद्भगवद्गीता व मा० विद्यालय के लाजपत छात्रावास में आज बहुत ही धूमधाम से अभिभावक , आचार्य तथा छात्र सम्मेलन संपन्न हुआ । सर्व प्रथम विद्यालय के प्रबन्धक . वीरेन्द्र वालिया , समिति सदस्य व छात्रावास पालक जंग बहादुर सिंगला , विद्यालय प्राचार्य अनिल मदान . तथा चैतन्य ऐकेडमी की कोरियर काउसलर टीम द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। दीपमन्त्र तथा वंदना के बाद प्राचार्य अनिल मदान ने सभी आगन्तुक अभिभावकों, तथा अधिकारियों का परिचय करावकर स्मृति चिहन भेंट किए । संगीताचार्य कनिका शर्मा ने समरसता का मन बिंदु यह है भारत देश महान है -गीत सुना कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया । छात्रावास के वरिष्ठ पर्यवेक्षक सतीश शास्त्री ने सभी को इस कार्यक्रम का महत्व समझकर कार्यक्रम को अति प्रेरणादायी बना दिया। विद्यालय प्रबंधक एवं शिक्षाविद विरेन्द्र वालिया ने छात्रावास में विद्यमान उपलब्धियों का सकारात्मक वर्णन कर अध्ययन व सुविधा, आवास सुविधा , छात्रावास में शिक्षा भी तथा संस्कार को फलीभूत करने का मन्त्र सम्पूर्ण छात्रावास के कार्यकर्ताओं तथा अभिभावकों व छात्रण को दिया। साथ ही अभिभावकों तथा छात्रों .को वर्तमान में शिक्षा .का महत्व समझाया । चैतन्य कौरियर एकेडमी के की विषय विशेषज्ञों ने कक्षा + २ के बाद जिन जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हो सकता है विषय की जानकारी छात्रों वह अभिभावकों को दी इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य भैया -बहन व हॉस्टल के छात्र व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### जनगणना देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने का महत्वपूर्ण मध्यम : लाली शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : भारत एक विविधताओं से भरा हुआ देश है जहां विभिन्न भाषाएं , संस्कृतियां और जातियां मौजूद हैं जनगणना हमारे देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने का महत्वपूर्ण मध्यम है ।कांग्रेस के वृष्ट नेता लाली शर्मा ने कहा राहुल गांधी सड़क से लेकर संसद तक जाति जनगणना के मुखर समर्थक रहे हैं । उन्होंने कई बार सार्वजनिक मंचों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और संसद में इस मुद्दे को उठाया है शर्मा ने कहा कि जाति आधारित जनगणना न केवल सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है बल्कि यह आर्थिक और राजनीतिक रूप से पिछड़े वर्गों को उनका हक दिलाने का भी माध्यम है । देश की जनसंख्या का जाति के आधार पर विवरण इकट्ठा करना भारत में अंतिम बार संपूर्ण जाति आधारित जनगणना 1931 में हुई थी उसके बाद से केवल अनुसूचित जाति एससी और अनुसूचित जनजाति (रठ) की जानकारी ही नियमित जनगणना में दी जाती है लेकिन अन्य जातियों के आंकड़े उपलब्ध नहीं होते। इससे सरकार को सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए प्रभावी योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। सही आंकड़े होने पर आरक्षण और अन्य लाभों का न्यायसंगत वितरण किया जा सकता है जातिगत आंकड़े यह है दर्शाते हैं कि किन वर्गों को अभी भी मुख्य धारा में लाने की जरूरत है राजनीतिक दलों को भी इससे सही प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि अगर हमें वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है तो हमें यह जानना जरूरी है कि समाज में उनकी संख्या कितनी है। उनका प्रसिद्ध नारा है जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी इसके माध्यम से वह यह संदेश देते हैं कि संसाधनों और अवसरों का वितरण जनसंख्या के अनुसार होना चाहिए। जनगणना से यह है स्पष्ट होगा कि कौन से समुदाय नौकरियों ,शिक्षा और संसाधनों में कितना प्रतिनिधित्व रखते हैं इससे असमानता को ठीक करने में मदद मिलेगी ।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मियों के साथ सतत संवाद बना रहे: सतीश वत्स

## वर्तमान में पुलिस कार्य प्रणाली में आ रही समस्याओं को सांझा कर हल निकालने में सहयोग लेना है

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स द्वारा शनिवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सेवानिवृत पुलिसकर्मियों की वेल्फेयर से संबंधित समस्याओं को सुनना और उनके त्वरित समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाना एवं रिटायर्ड पुलिसकर्मियों के साथ सतत संवाद बना रहे और वर्तमान में पुलिस कार्य प्रणाली में आ रही समस्याओं को सांझा कर हल निकालने में सहयोग लेना है।



बैठक में रिटायर्ड डीएसपी धर्मबीर सिंह, रिटायर्ड डीएसपी हवासिंह, रिटायर्ड डीएसपी भारत भूषण, रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर सत्यवान, रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर राजबीर व काफी संख्या में अन्य रिटायर्ड पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने वेल्फेयर से संबंधित समस्याएं सुनकर उनके जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। और कहा आप सभी ने अपनी सेवा काल में निष्ठा, समर्पण और साहस के साथ विभाग की गरिमा को बढ़ाया है। आज भी आप समाज में एक प्रेरणा के रूप में देखे जाते हैं। इसलिए हम सभी का दायित्व है कि आपके सम्मान और कल्याण को प्राथमिकता दी जाए।

इस दौरान उपस्थित सभी सेवारत व सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रख कश्मीर के पहलगाम में आतकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक के दौरान वेल्फेयर से संबंधित व पुलिस कार्य प्रणाली के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने सेवा काल के दौरान किये कार्यों के अनुभव सांझा किये और पुलिस कार्य प्रणाली में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## कुटिया के बाहर मिला व्यक्ति का शव



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** निर्मल कुटिया के बाहर एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वह व्यक्ति पहले कुटिया के बाहर लेटा हुआ दिखाई दिया, लेकिन जब काफी देर तक उसमें कोई हलचल नहीं हुई तो सेवादारों को शक हुआ। उन्होंने उसे हिलाया तो वह मृत अवस्था में मिला। इसके बाद सेवादारों ने तुरंत अपनी संस्था अपना आशियाना को सूचना दी, जिसके बाद संस्था की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास आंकी जा रही है और उसने सफेद रंग का कुर्ता-पायजामा पहन रखा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव के पास पड़ा सफेद प्लास्टिक का कट्टा चेक किया, जिसमें एक प्लास्टिक का थैला, दो रस्क के पैकेट, एक खाली बोतल, कुछ कपड़े, एक गिलास और एक पॉकेट डायरी मिली। इसके अलावा मृतक के पास एक पानी की बोतल भी थी, जिसमें छबील का मीठा पानी भरा हुआ था।अपना आशियाना संस्था से जुड़े राजकुमार ने बताया कि कुटिया के सेवादारों से बातचीत में सामने आया कि यह व्यक्ति बीमार लग रहा था। उसे कुछ समय पहले वहीं पर पानी पिलाया गया था। पानी पीने के बाद वह दोबारा लेट गया और फिर दोबारा नहीं उठा।

### एक ही परिवार के दो सदस्यों ने नेट-जेआरएफ में पाई सफलता

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नेट-जेआरएफ परीक्षा में महेंद्रगढ़ जिले के गांव कोथल कला के एक ही परिवार के दो प्रतिभाशाली सदस्यों ने फिजिक्स विषय में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। गांव कोथल कला निवासी आकाश पुत्र जयपाल सिंह (पीटीआई) ने अपने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 40वीं रैंक हासिल कर एक बड़ा मुकाम प्राप्त किया। वहीं, उनकी चचेरी बहन अनुराधा पुत्री रोशनलाल ने भी फिजिक्स विषय में 132वीं रैंक प्राप्त की है।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के झिंझरी गांव में पोल्ट्री फार्म पर काम करने वाले युवक ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान 30 वर्षीय अमित कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह अपनी पत्नी के साथ फार्म हाउस पर रहकर काम करता था।



जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर अनबन रहती थी और शुक्रवार देर रात भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इस झगड़े के बाद पत्नी गुस्से में घर से चली गई, जिसके बाद अमित ने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पोल्ट्री फार्म के अन्य अल सुबह कर्मचारियों ने जब युवक को फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा। आज दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जांच अधिकारी एसआई तरसेम ने बताया कि मृतक अमित कुमार का अपनी पत्नी के साथ अक्सर विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी झगड़े के बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी। फिलहाल वह गांव में मौजूद नहीं है। जब वह लौटेगी तो उससे पूछताछ की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों से बातचीत की जा चुकी है। उनकी ओर से जो भी बयान और शिकायत दी जाएगी, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले को आत्महत्या मानते हुए जांच की जा रही है।

### ससुराल आए युवक से मारपीट और बाइक लूट, एसपी से लगाई गुहार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** मुजफ्फरनगर निवासी एक युवक ने पानीपत में अपने साथ हुई मारपीट और बाइक लूट की घटना के संबंध में न्याय न मिलने पर अब पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप कर कारवाई की मांग की है।पीड़ित का आरोप है कि घटना को सात वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।मोहम्मद राशिद नामक युवक 23 जुलाई 2017 को अपनी पत्नी और बच्चों को लेने पानीपत के गांव बिंझौल स्थित अपनी ससुराल आया था। राशिद के अनुसार, उसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों – पटवारी उर्फ सुदेश, सुरेश, इरफान पुत्र इकराम और चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसे घेर लिया। पहले गाली-गलौज की गई, विरोध करने पर उसकी बुरी तरह पिटाई की गई। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी मोटरसाइकिल (यह12 5210) भी छीन ली और जान से मारने की धमकी दी।राशिद ने किसी तरह जान बचाकर नजदीकी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई, जहां उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। बावजूद इसके, अब तक मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उक्त घटना से करीब आठ माह बाद पुलिस से मिलीभगत कर उल्टा उसकी पत्नी से ही उसके खिलाफ एक झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया।

## महंत प्रभात पुरी कन्या में चित्रकला चार्ट बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चित्रकला चार्ट बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि बच्चों में चहुंमुखी विकास करने के लिए चित्रकला की गतिविधि अहम है। इस से कलात्मक,सृजनात्मक व कल्पना शक्ति का विकास होता है। बच्चों ने कैनवास रूपी चार्ट पर रचनात्मक,रंगीले व मनोरंजक



सपने उकेरे। मौजूदा समाजिक, वैश्विक व पर्यावरण समस्याओं को रंगो के माध्यम से उभारा। राठोर ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित हुई। 9 से 12 कक्षा वर्ग में हरप्रीत व स्नेहा प्रथम, अंकिता व जैस्मीन द्वितीय तथा स्नेहा -2 व सिमरन तृतीय स्थान पर रही जबकि दिव्या व निष्ठा को सांत्वना पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। कक्षा 6 से 8 के वर्ग में माही सैनी व कीर्ति पहले ,कमल व रचना दूसरे तथा वैशाली व यशिका ने तीसरे स्थान पर रही।

मन्नत, परीक्षा व मनप्रीत को चौथा स्थान मिला। इसी प्रकार कक्षा 4 से 5 के वर्ग की अनिषा कुमारी व आशु ने प्रथम, महिका व शायना ने द्वितीय, नवीन व निशा ने तृतीय तथा शिखा व नयना ने अपने वर्ग में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर बाजी मारी।

इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजुला शर्मा,सरिता शर्मा, ज्या वत्स, तमन्ना, मोनिका माटा, कुसुम शर्मा, ज्योति रानी, रेखा धीमान, हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, सुमन धीमान, बिंदु, अनिता वालिया, पिंकी रानी,आलिशा अरोड़ा,सीमा शर्मा,अनूप शर्मा, मधु शर्मा, मनप्रीत वर्मा, दामिनी व महेंद्र सैनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में विश्व सूर्य दिवस और विश्व यज्ञ दिवस मनाया गया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में विश्व सूर्य दिवस और विश्व यज्ञ दिवस पूरे वैदिक विधिविधान के साथ मनाया गया । इस अवसर पर वैदिक यज्ञ के महत्व के बारे में भी छात्रों को बताया गयो इसके उपरान्त बैठक का आयोजन हुआ यह जानकारी विद्यालय प्रधान रणदीप आर्य ने दी इस अवसर पर उप प्राचार्य जगदीश आर्य ने कहा कि वैदिक धर्म में संस्कृत संस्कृति और वैदिक संस्कारों का स्थान सर्वोपरि है । यदि भारत को एक शिक्षित और विकसित राष्ट्र बनाना है तो देश के सभी प्रतिभाशाली छात्रों को



उच्च कोटि की शिक्षा और उच्च कोटि के संस्कार देने होंगे । समाज के प्रत्येक बच्चे को उच्च कोटि की शिक्षा दिलवाने के लिए सभी संस्थाएं पूर्ण सहयोग दे रही हैं । उन्होंने कहा कि साधनहीन परिवारों के ऐसे छात्र जिन्होंने आठवीं और दसवीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हों । ऐसे सभी प्रतिभाशाली छात्रों को फीस माफी सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी । इस अवसर पर अवनीत कौर ने बताया कि गरीब परिवार सहायता समिति से एक मेधावी छात्र अथर्व पाठक के परिजनों ने संपर्क कर बच्चे की फीस का भुगतान करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की ।

### अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में हैप्पी स्कूल के तीन छात्रों ने पाए मेडल

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** सिल्वर जॉन नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 29 छात्रों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। इस ओलंपियाड में तीन छात्र वंश मित्तल, यशस्वी और तन्मय ने 1500 रुपये कैश प्राइज जीता, साथ ही देश के पांच शीर्ष विद्यार्थियों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यालय में शनिवार को सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को बुलाया गया और उनके सत्कार में सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया।

## कथक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आई. बी. महाविद्यालय में सांस्कृतिक समिति व सीतल दास जैन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कथक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

यह कार्यशाला 17 फरवरी से शुरू हो आज समापन होने जा रही है । कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । प्राचार्य ने मुख्य अतिथि ऋतु जैन एवं कपिल जैन, ट्रस्टी सीतल दास जैन फाउंडेशन को शाल, पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया । प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने इस कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए



कहा कि कथक नृत्य सीखने की अनेकों लाभ हैं । यह नृत्य शारीरिक, मानसिक और भावात्मक रूप से आपके जीवन को बेहतर बनाने के साथ आपको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बना तनाव कम करने में भी मदद करता है । यह न केवल एक मनोरंजक गतिविधि है बल्कि एक स्वस्थ जीवन शैली का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है । यह नृत्य भी शिक्षा का अंग है । इसके अभ्यास से मस्तिष्क की एकाग्रता बढ़ संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है । कथक नृत्यशाला के प्रायोजक सीतल दास जैन फाउंडेशन के ट्रस्टी, समाजसेवी व प्रसिद्ध उद्योगपति कपिल जैन ने बताया कि अभिव्यक्ति व सौन्दर्य है यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हिस्सा है । उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चे जब तक इस नृत्य कला में पारंगत नहीं होते तब तक सीखना जारी रह सकते है । उनकी संस्था हर समय गरीब बच्चों की मदद के सहयोग से महाविद्यालय में सिलाई वर्कशॉप भी चला रही है । समाज सेविका ऋतु जैन ने बताया कि कथक एक शास्त्रीय भारतीय नृत्य शैली है जो लयबद्ध पैरों की हरकतों, चेहरे के भावों और सुंदर हरकतों के माध्यम से कहानी कहने के लिए जानी जाती है ।

# महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया के जीवन से सभी लोग ले प्रेरणा: डॉ. पवन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला/नारायणगढ़:** नारायणगढ़ की अहलूवालिया बिरादरी द्वारा सिख इतिहास के महान योद्धा एवं समाज सुधारक सुलतान उल कौम महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया जी की 307 वीं जयंती हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बिरादरी के लोगों, स्थानीय नागरिकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में महाराजा जस्सा सिंह



अहलूवालिया जी को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और उनके योगदान को आज के युग में भी प्रासंगिक बताया।

उन्होंने कहा कि महान योद्धा, धर्म रक्षक व सिख कौम के गौरव महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वे अपने



आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमें सदैव अपने महापुरूषों को याद रखना चाहिए और अपने बच्चों को उनकी जीवनी से अवगत करवाना चाहिए। जिससे कि उन्हें हमारे प्राचीन इतिहास, गौरवशाली संस्कृति और समाज एवं देश के प्रति उनके योगदान के बारे में जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि महाराजा जस्सा सिंह जी ने अपने अद्भुत साहस, संगठन शक्ति और निष्ठा से न केवल सिख समाज बल्कि समूचे भारतवर्ष के आत्मसम्मान की रक्षा की। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। ऐसे वीर पुरुष को स्मरण करना हमारी सांस्कृतिक विरासत और गौरवपूर्ण इतिहास से जुड़े का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना उनके लिए अत्यंत सम्मान की बात है। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को अहलूवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया व बिरादरी के गणमान्य लोगों ने शिरोपा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में अहलूवालिया सभा के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, विशेष रूप से पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी का धन्यवाद किया और यह संकल्प लिया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते रहेंगे। प्रधान मुकेश वालिया ने महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया जी को नमन करते हुए कहा कि महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया जी का जन्म 3 मई सन 1718 में हुआ था। वे न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि एक सच्चे राष्ट्रनायक भी थे, जिन्होंने सिखों को संगठित कर विदेशी आक्रांताओं से संघर्ष किया। उनका जीवन आज भी युवाओं को प्रेरणा देने वाला है।

## न्यूज फ्लैश

### सीएमएफ फोन 2 प्रो की ओपन सेल्स 5 मई से शुरू हो रही है

**सोनीपत।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड सीएमएफ ने आज फि्लपकार्ट, फि लपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर सीएमएफ फोन 2 प्रो के ओपन सेल की घोषणा की है, जो 5 मई दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। पहले दिन एक स्पेशल इंट्रोडक्टरी ऑफर के रूप में, फोन 2 प्रो कम से कम 16,999 रुपये (सभी ऑफर सहित) में उपलब्ध होगा। अपने सेगमेंट में सबसे बेहतरीन थ्री-कैमरा सिस्टम, शानदार ब्राइट डिस्प्ले और प्रीमियम डिजाइन के साथ सीएमएफ बाय नथिंग ने 28 अप्रैल, 2025 को फोन 2 प्रो को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया। नथिंग द्वारा डिजाइन किया गया अब तक का सबसे पतला और हल्का स्मार्टफोन। 7.8 मिलीमीटर की मोटाई और मात्र 185 ग्राम वजन के साथ, सीएमएफ फोन 2 प्रो लगभग भारहीन है - सीएमएफ फोन 1 से 5% पतला। इसकी खूबसूरत बॉडी में है एल्युमिनियम कैमरा सराउंड - जो पहली पीढ़ी के डिजाइन से विकसित हुआ है। इसमें स्टेनलेस स्टील के स्क्रू हैं जो एक ऑथेंटिक नथिंग फील देते हैं जो इसके पीछे की कला को उजागर करता है। साथ ही, आईपी 54 के साथ वॉटर ड्युरबिलिटी में वृद्धि हुई - सीएमएफ फोन 1 आईपी 52 था।सीएमएफ फोन 2 प्रो में उन्नत थ्री कैमरा सिस्टम है, जिसमें 50 एमपी का मुख्य कैमरा है, जो अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा सेंसर है और सीएमएफ फोन 1 की तुलना में 64% ज्यादा रोशनी कैप्चर करता है। अब अपनी 6वीं पीढ़ी में, नए अपग्रेड किए गए मीडिया टेक डाईमेन्सिटी 7300 प्रो 5जी प्रोसेसर में 8-कोर सीपीयू है जो 2.5 तक की गति पर चलता है झ्र जो भारी मल्टी-टास्कर्स की माँगों को पूरा करने के लिए तैयार है। सीएमएफ फोन 1 की तुलना में 10% तेज प्रोसेसिंग और ग्राफि क्स में 5% सुधार के साथ अत्याधुनिक प्रदर्शन।

### वित्त वर्ष 25 में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का कर पश्चात लाभ 1,525 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली:** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने आज 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए ऑडिट किए हुए वित्तीय परिणाम जारी किए।

ग्राहक जमा 31 मार्च, 2024 को 1,93,753 करोड़ रुपए से 25.2% सालाना वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 तक 2,42,543 करोड़ रुपए हो गया।रिटेल जमा 31 मार्च, 2024 को 1,51,343 करोड़ रुपए से 26.4% सालाना बढ़कर 31 मार्च, 2025 को 1,91,268 करोड़ रुपए हो गया। कासा जमा 31 मार्च, 2024 को 94,768 करोड़ रुपए से 24.8% सालाना वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को 1,18,237 करोड़ रुपए हो गया।रिटेल जमा का हिस्सा कुल ग्राहक जमा में 31 मार्च, 2025 तक 79% रहा।बैंक द्वारा जारी किए गए क्रेडिट कार्ड की संख्या पिछले तिमाही में 35 लाख के आँकड़े को पार कर गई। वेल्थ मैनेजमेंट एयूएम 27% सालाना बढ़कर 42,665 करोड़ रुपए तक पहुँच गया। इसके अलावा बैंक सबसे बड़ा फास्टैग जारी करने वाला बैंक बना हुआ है, जिसके पास 1.78 करोड़ सक्रिय फास्टैग हैं। ऋण और अग्रिम में 20.4% सालाना वृद्धि हुई, जो 31 मार्च, 2024 को 2,00,965 करोड़ रुपए से बढ़कर 31 मार्च, 2025 को 2,41,926 करोड़ रुपए हो गई।रिटेल, ग्रामीण और एमएसएमई से जुड़े ऋणों में 18.6% की वृद्धि के साथ यह 1,66,604 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,97,568 करोड़ रुपए हो गया।माइक्रोफाइनेंस पोर्टफोलियो में 28.3% की कमी आई और इसका कुल ऋण पुस्तक में हिस्सा 31 मार्च, 2024 को 6.6% से घटकर 31 मार्च, 2025 को 4.0% रह गया। बैंक का पुराना इन्फ्रास्ट्रक्चर ऋण 17% घटकर 2,348 करोड़ रुपए रह गया। बैंक का ग्रॉस एनपीए 31 दिसंबर, 2024 को 1.94% से 7 बेसिस पॉइंट तिमाही आधार पर सुधार के साथ 31 मार्च, 2025 को 1.87% हो गया।बैंक का नेट एनपीए 31 दिसंबर, 2024 को 0.52% से 1 बेसिस पॉइंट तिमाही आधार पर बढ़कर 31 मार्च, 2025 को 0.53% हो गया।

# ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायत के अधीन करना सरासर गलत: अमरीक

## ग्राम पंचायत के पास ग्रामीण जलघरों को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुख्ता प्रबंध नहीं है

**प्रशिक्षण**

**शाखा से संबंधित सभी पदाधिकारी का कर्मचारी साथियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र /लाडवा:** आज हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 (मुख्यालय करनाल) शाखा लाडवा की मीटिंग स्थानीय जलघर सीएचसी पर शाखा प्रधान जगदीप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच का संचालन शाखा सचिव कृष्ण दत्त ने किया । मीटिंग में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा उपस्थित रहे। मीटिंग में शाखा से संबंधित सभी पदाधिकारी का कर्मचारी साथियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मीटिंग में बोलते हुए अमरीक सिंह चट्ठा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायत के अधीन किया जा रहा है जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है ।उन्होंने कहा की ग्राम पंचायत के पास ग्रामीण जलघरों को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुख्ता प्रबंध नहीं है। सरपंच भेदभाव की राजनीति कर कर्मचारियों का शोषण करेंगें व भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। संगठन द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा व सिंचाई विभाग मंत्री श्रीमति श्रुति चौधरी व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार नायब सिंह सैनी को बातचीत के माध्यम से कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए दो दो बार मांग पत्र भेजा जा चुका है।

लेकिन बड़े ही खेद का विषय है कि किसी भी मंत्री महोदय व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा संगठन को बातचीत का न्योता नहीं दिया गया है जिसके रोष स्वरूप संगठन द्वारा पूरे प्रदेश भर में परिमंडल स्तर पर रोष प्रदर्शन करके अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 6/5/2025 को परिमंडल कैथल पर संगठन से संबंधित कैथल व कुरुक्षेत्र से भारी संख्या कर्मचारी एकत्रित होकर रोष प्रदर्शन करते हुए अधीक्षक अभियंता कैथल के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा । शाखा लाडवा के साथियों द्वारा संगठन को पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया की शाखा लाडवा का एक-एक कर्मचारी ज्ञापन कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेकर ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करेगा मुख्य मांगें: ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायत के अधीन ना किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, एक्स ग्रेशिया नीति पूर्ण रूप से लागू की जाए, चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति होने पर कर्मचारियों को एक इंक्रीमेंट का आर्थिक लाभ दिया जाए, 2020-2023 ब्लॉक की एलटीसी दिलवाई जाए, मेडिकल कैशलेस सुविधा पूर्ण रूप से लागू की जाए व वर्दी भत्ता पहले की तरह सैलरी में जोड़कर दिया जाए आदि।

इस अवसर पर शाखा चेयरमैन महेंद्र सैनी, शाखा कैशियर सिकंदर कुमार, सुदेश कुमार, इंद्रपाल ,गुरमेल सिंह, सुरेश शर्मा ,दर्शन सिंह, अंग्रेज पाल, तिलकराज ,भूपेंद्र सिंह ,अशोक कुमार, नीरज शर्मा आदि कर्मचारी व पदाधिकारी साथी उपस्थित रहे।

# चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल में हास्य दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**लोट-पोट किया**

**कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा लोट-पोट कर देने वाला हास्य दिवस मनाया गया**

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा लोट-पोट कर देने वाला हास्य दिवस मनाया गया। इसके उपरांत कक्षा पहली से तीसरी 'इंटर हाउस बिना आग के व्यंजन बनाओ' तथा कक्षा चौथी से नौवीं व ग्यारहवीं 'स्टिल लाइफ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से तीसरी में 6-6 विद्यार्थी , चौथी से नौवीं व ग्यारहवीं में 1 - 1 विद्यार्थी ने शिरकत की। बिना आग के व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता में छात्रों ने रचनात्मकता और पोषण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन प्रस्तुत किए,बच्चों ने दहीं बड़े, लड्डू , भेल, कुकुम्बर बोट आदि स्वादिष्ट व्यंजन बनाएं जो देखने में बहुत आकर्षक और खाने में बेहद स्वादिष्ट थे ।छात्रों ने अपनी पाक- कला के साथ-साथ प्रस्तुति शैली से भी सभी का मन मोह लिया।

# स्नैचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

**ला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: पुलिस** अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 02 मई 2025 को सीआईए-1 के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी जसप्रीत सिहँ उर्फ जस्सी निवासी मिलाप नगर अम्बाला शहर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल भी आरोपी द्वारा चोरी की हुई थी जिसे बरामद किया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता महिला ने 01 मई 2025 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 01 मई 2025 को पालिका विहार अम्बाला शहर के पास से मोटरसाईकिल सवार अज्ञात आरोपी ने उसकी जानकार महिला का पर्स छीन लिया है।

# पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को पहले पहुंचा रहे लाभ: सुमन सैनी

**नीति**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंत्योदय की नीति से राज्य में योजनाएं लागू कर रहे हैं: सुमन सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि लाडवा विधानसभा के विधायक व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंत्योदय की नीति से राज्य में योजनाएं लागू कर रहे हैं। उन योजनाओं से प्रदेश की जरूरतमंद व पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को पहले लाभ पहुंच रहा है। लाडवा के साथ-साथ प्रदेश की पूरी जनता के लिए चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री कार्यालय 24 घंटे खुला हुआ है। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या-परेशानी को लेकर किसी भी दिन कार्यालय में जाकर मुख्यमंत्री से मिल सकता है, जहां पर उनकी समस्या-परेशानियों का हल करने के मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को आदेश दिए जाते हैं। हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी नरेश गर्ग रोटरी प्रेसिडेंट लाडवा नरेश गर्ग के निवास स्थान पर उनके पुत्र मानव गर्ग व पुत्रवधू आंचल गर्ग को विवाह समारोह की बधाई व आशीर्वाद देने के लिए पहुंची थी।

उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का विकास तेज गति से करवाया जा रहा है, जिसके लिए सभी विभाग अपने-अपने कामों की योजनाएं बनाकर उन योजनाओं पर काम कर रही है। जब यह सभी विकास कार्य पूर्ण होंगे तो लाडवा विधानसभा की प्रदेश में अपनी अलग पहचान होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलते हुए सभी विधानसभाओं में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। मौजूदा समय में ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुना गति से प्रदेश में विकास कार्य कर रही है।

इस मौके पर नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना, लाडवा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, गुढ़ा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र दबखेड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# परिणाम एवं पुरस्कार राशि का वितरण निष्पक्ष किया जाए

**प्रतियोगिता**

**श्लोकों का मेरे जीवन में महत्व विषय पर इनसाइट्स गीता चैलेंज नामक वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** इनसाइट्स गीता चैलेंज वीडियो प्रतियोगिता के परिणाम एवं पुरस्कार राशि का वितरण निष्पक्ष किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 8 से 24 नवंबर 2024 के मध्य श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का मेरे जीवन में महत्व विषय पर इनसाइट्स गीता चैलेंज नामक वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के परिणाम 5 से 7 दिसंबर 2024 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी के अवसर पर घोषित किए जाने थे, परंतु परिणाम में अनावश्यक विलंब किया गया और यह 18 दिसंबर 2024 को केवल व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से साझा किया गया जबकि प्रतियोगिता के ब्रोशर में यह कहा गया था कि परिणाम नवंबर माह के अंत तक घोषित कर दिए जाएंगे। जब परिणाम घोषित किए गए तो वे अत्यंत चौंकाने वाले थे। प्रतियोगिता में घोषित पुरस्कारों के अनुसार प्रथम पुरस्कार 1,00,000, द्वितीय 51,000, तृतीय 21,000 तथा पांच सांत्वना पुरस्कार (प्रत्येक 11,000) निर्धारित थे। परंतु प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर तीन-तीन विद्यार्थियों को सम्मिलित कर दिया गया। उदाहरण के लिए, प्रथम स्थान पर तीन प्रतिभागियों (अनिल, प्रज्ञा, अनमोल) को रखा गया, जबकि सोशल मीडिया व्यूज के अनुसार अनिल के वीडियो को 16,000, प्रज्ञा को 791, और अनमोल को मात्र 906 व्यूज मिले। यह स्पष्ट करता है कि मूल्यांकन में पारदर्शिता नहीं बरती गई।

सोशल मीडिया पर व्यूज, लाइक्स आदि को भी मूल्यांकन मानदंड में शामिल किया गया था, परंतु विजेता घोषित किए गए प्रतिभागियों में कुछ ने केवल एक दीवार के सामने खड़े होकर साधारण वीडियो बना ली, फिर भी उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जो न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता।

# कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में बच्चों को पिलाया स्वर्णप्राशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा आयुर्वेदिक अस्पताल में शनिवार को स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 18 साल आयु तक के 250 से अधिक बच्चों को स्वर्णप्राशन की बूंदें पिलाई गई, जिसका उद्देश्य बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, बुद्धि, स्मरण शक्ति एवं संपूर्ण विकास को बढ़ाना है। कौमारभृत्य विभाग के चेयरमैन प्रो. वैद्य शंभू दयाल शर्मा ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन



में हर पुष्य नक्षत्र के दिन विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अस्पताल परिसर में कैंप लगाया जाता है,जिसमें अनुभवी वैद्यों की देखरेख में स्वर्णप्राशन संस्कार विधि पूर्वक किया जाता है।

**स्वर्णप्राशन बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है: वैद्य**

प्रो.वैद्य अमित कटारिया ने बच्चों के अभिभावकों को स्वर्णप्राशन के लाभों के बारे में जागरूक किया और बताया कि हर पुष्य नक्षत्र के दिन यह संस्कार बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। प्रो. कटारिया ने बताया कि स्वर्णप्राशन बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में 2 मई 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी समीर खान निवासी दुर्गा कालोनी काला आम्ब थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता नरेश पाल इन्चार्ज मुख्य अध्यापक सरकारी स्कूल हमीदपुर थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला ने 27 अप्रैल 2025 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी।

# चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह हुआ आयोजित



**त्रिशताब्दी जयंती**

**त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में एक चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** संस्कार भारती, कुरुक्षेत्र द्वारा पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में एक चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुलजारीलाल नंदा स्मारक, ब्रह्मसरोवर के पास, पूर्वी घाट, कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जय सिंह पाल जी (चेयरमैन, हरियाणा प्रदेश विमुक्त घुमंतू जाति विकास बोर्ड) रहे, जिन्होंने विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में किड्स प्लेनेट स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस प्रतियोगिता में 12 विद्यालयों के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। किड्स प्लेनेट स्कूल सेक्टर 3 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों – तविशा, प्रभगुन, जागृत, लविश, मन्नत, नव्या, संभव, युवी, जीना और आरव – को उनकी उत्कृष्ट चित्रकला प्रतिभा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन छात्रों को प्रतियोगिता के लिए चित्रकला शिक्षिका मंदीप कौर द्वारा समर्पित मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता रानी ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता रानी एवं चित्रकला शिक्षिका श्रीमती मंदीप कौर को भी उनके योगदान हेतु स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# कुरुक्षेत्र रिंग रोड की जल्द तैयार होगी डिटेल प्रोजैक्ट रिपोर्ट



**डीपीआर तैयार**

**इस रिंग रोड के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए सरकार की तरफ से जल्द ही एजेंसी हायर की जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र रिंग रोड व बाईपास परियोजना की जल्द डिटेल प्रोजैक्ट रिपोर्ट(डीपीआर)तैयार होगी। इस रिंग रोड के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए सरकार की तरफ से जल्द ही एजेंसी हायर की जाएगी। इस एजेंसी को हायर करने की प्रक्रिया एनएचएआई द्वारा शुरू कर दी गई है। इस प्रोजैक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार तेज गति के साथ पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी बातचीत की है।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र व लाडवा के नागरिकों को ट्रैफिक जाम व सडक दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं से निजात दिलवाने के लिए रिंग रोड और बाईपास की मांग लम्बे अरसे से की जा रही है। यह रिंग रोड कुरुक्षेत्र और लाडवा के लिए किसी जीवन रेखा से कम नहीं होगा। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पदभार संभालते ही कुरुक्षेत्र व लाडवा रिंग रोड व बाईपास प्रोजैक्ट को लेकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बातचीत की थी। इससे पहले भी इस प्रोजैक्ट को लेकर सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ही विशेष प्रयासों से इस प्रोजैक्ट के लिए तीन गुणा तेज गति के साथ कार्रवाई की जा रही है। सरकार के आदेशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रोजैक्ट मैनेजर अंबाला डिविजन द्वारा 3 फरवरी 2025 को कुरुक्षेत्र व लाडवा शहर के लिए रिंग रोड और बाईपास प्रोजैक्ट की डीपीआर बनवाने के लिए एक एजेंसी हायर करने के लिए पत्र लिखा है।

उन्होंने कहा कि पिहोवा, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर हाइवे के साथ-साथ कुरुक्षेत्र बाइपास जोकि एनएच 152 पिहोवा से शुरू होगा यह एमडीआर 119 और एनएच 44 तथा एनएच 344 यमुनानगर जिले को जोडेगा। इस क्षेत्र के लिए डिटेल प्रोजैक्ट रिपोर्ट तैयार होगी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की तरफ से जल्द ही एजेंसी हायर कर डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। इस डीपीआर के बाद जमीन का अधीग्रहण होगा और उसके बाद रिंग रोड बाईपास बनाने की योजना को सरकार की तरफ से अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद कुरुक्षेत्र और लाडवा का सारा हैवी ट्रैफिक बाहर से डाइवर्ट हो जाएगा।

# अम्बाला छावनी के प्रांगण में विश्व हास्य दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: आर्य गर्ल्ज** कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में विश्व हास्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने कहा कि मुस्कुराना एक बाहरी अभिव्यक्ति है, जबकि खुश रहना एक आंतरिक स्थिति है। खुशी हमारे जीवन में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करती है।

हंसने से सकारात्मक वातावरण बनता है। आज की युवा पीढ़ी चिंता, तनाव एवं उदासी ग्रस्त है इसी कारण तनाव युक्त इंसान बीमारियों का शिकार हो रहा है। हंसना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो हमें खुशी और संतुष्टि का एहसास करवाती है इसलिए जीवन में छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेना चाहिए। प्राचार्या महोदया ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व हास्य दिवस पहली बार 10 मई, 1998 को मनाया गया था इसकी शुरूआत भारत में मुम्बई के चिकित्सक डॉ. मदन कटारिया ने की थी और वह लाफटर योग आंदोलन के संस्थापक भी थे जो व्यायाम के रूप में हंसी को बढ़ावा देता है। हंसी न केवल शरीर को ऊजार्वान बनाती है बल्कि मन और आत्मा को भी स्वस्थ रखती है। हंसी सबसे बड़ी दवा है इसे दिल खोलकर अपनाइए। इस कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों ने अपने जीवन से संबंधित हास्य वृतांत को सांझा किया जिसका सभी ने लुत्फ उठाया। इस अवसर पर जोक्स प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी स्टाफ ने जोक्स सुनाए तथा प्राचार्या महोदया को विजेता व डॉ. प्रगति शर्मा, प्रो. शीनम, प्रो. गुरमीत को उपविजेता चुना गया। प्राचार्या महोदया के विजयी होने पर उन्हें क्राउन पहनाया गया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापिकाएं और छात्राओं ने हंसी के ठहाके लगाकर इस सुअवसर का भरपूर आनंद उठाया।

# इनेलो पार्टी पानी के मुद्दे को लेकर 7 मई को सोनीपत में करेगी विशाल विरोध प्रदर्शन

**बैठक**

हरियाणा के साथ विश्वासघात किया जा रहा है और किसानों को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है



**राई/टीम एक्शन इंडिया**
इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने हल्का राई में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए कहा कि हरियाणा के साथ फिर से विश्वासघात किया जा रहा है और हरियाणा के किसानों को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है, इसमें कांग्रेस भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हमने बहुत सह लिया है अब आगे और नहीं सहेंगे और फिर से बड़ा आंदोलन करेंगे और सडकों पर उतर कर हरियाणा के किसानों को उसके हिस्से का पानी दिलवाएंगे। गहलावत ने कहा ७ मई को सोनीपत में पानी के मुद्दे को लेकर विशाल विरोध प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय पर किया जाएगा। प्रदर्शन की अगुवाई इनेलो राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश भारती जी करेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी अनूप दहिया ने कार्यकताओं से इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने के अपील की। दहिया ने कहा सिंधु नदी का जो पानी पाकिस्तान का रोका गया है उसे भी हरियाणा को देने का काम किया जाना चाहिए।
उन्होंने कहा आज भाजपा, कांग्रेस ओर आम आदमी पार्टी का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है
इस मौके पर इनेलो प्रदेश सचिव अशोक कौशिक, युवा इनेलो जिला अध्यक्ष विकास मलिक, महिला जिला अध्यक्ष मनजीत फोगाट, पूर्व प्रत्याशी प्रमोद मोदी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ताहर सिंह, किरणपाल चौहान, धर्मवीर दहिया लाडपुर, तारीफ नरवाल, सुरत सिंह आंतिल, राहुल आंतिल, पप्पू दहिया, नरेन्द्र मोर, रोहतास असावरपुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब ट्रांसफर शेड्यूल जारी कर ट्रांसफर प्रक्रिया पूरी की जाए : कृष्ण कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अब ट्रांसफर शेड्यूल अविलंब जारी करके ट्रांसफर प्रक्रिया पूरी की जाए, ट्रांसफर शेड्यूल जारी किया जाए, क्योंकि यदि अभी बिना देर किए ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाएगा, तभी समय रहते ट्रांसफर का कार्य पूरा हो पाएगा। उपरोक्त मांग शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, राज्य महासचिव रामनिवास संगोही और राज्य प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने सरकार और विभाग से की। राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने यह भी कहा कि जिस तरह से ट्रांसफर ड्राइव चलाने में देरी की जा रही है, उससे काफी सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि फिर मिड सैशन का बहाना बनाकर ट्रांसफर




ड्राइव को न रोका जाए, क्योंकि इस समय चालीस हजार से ज्यादा शिक्षक न केवल अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हैं, बल्कि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक एनिवेहर बैठे होने के साथ-साथ हजारों प्रतिनियुक्ति पर बैठे हैं। अतः सरकार और विभाग को चाहिए कि अब बिना एक दिन की भी देरी किए ट्रांसफर ड्राइव चलाने की ओर कदम बढ़ाना चाहिए और शिक्षकों के तबादले करके उन्हें राहत प्रदान की जाए।
साथ ही उन्होंने मांग की कि ट्रांसफर ड्राइव चलाते समय कोई भी पोस्ट कैप्ट न की जाए, ताकि ट्रांसफर ड्राइव की आत्मा जिंदा रहे। ज्ञात रहे कि एक बार मिड सैशन का बहाना बनाकर ट्रांसफर ड्राइव रोका जा चुका है, परंतु शिक्षक तबादला संघर्ष समिति ऐसा स्वीकार नहीं करेगी, क्योंकि जेबीटी के ट्रांसफर अभी तक एक बार ही हुए हैं और टीजीटी-पीजीटी के भी आखिरी बार ट्रांसफर 2022 में हुए थे।

## न्यूज फ्लैश

# बहालगढ़ के दुकानदारों ने निगम मेयर से की समस्याओं के समाधान की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।**
नगर निगम के मेयर राजीव जैन बहालगढ़ में भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल के कार्यालय में पहुंचे और बहालगढ़ के लोगों की समस्या सुनी। जैन का कार्यालय में पहुंचने पर मास्टर सतनारायण आंतिल व गणमान्य लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। जी टी रोड बहालगढ़ से खेवड़ा रोड पर अतिक्रमण को हटाने व साफ सफाई की मांग की। जिस पर मेयर राजीव ने कहा कि बरसात से पहले नालों की सफाई करवा दी जाएगी, इसके लिए निगम के अधिकारियों को आदेश दिए है। इसमें सबसे जरूरी दुकानदारों व आम जनता का सहयोग जरूरी है। सफाई के बाद भी दुकानदार व लोग नालों में कूड़ा डालते रहते है, उसके बाद पहले जैसे हालात हो जाते है। डा. रघबीर छिक्कारा, दीपक कुमार ने दीपालपुर रोड के मोड पर सड़क को समतल कर गंदे पानी की निकासी के स्थाई समाधान की मांग की। समस्या सुनने के बाद मेयर राजीव जैन ने कहा कि सभी उनकी समस्या उनके संज्ञान में है। इस मौके पर कदम सिंह राणा, राजेश स्वामी बहालगढ़ सरपंच, महबुब अली, डा. रविन्द्र के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे।

# शातिर ने फौजी के साथ किया फ्रॉड, पुलिस ने किया केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़। गांव नौताना निवासी एक फौजी के साथ फ्रॉड किया गया है। ड्यूटी पर जाते समय रेलगाड़ी में कॉल आई, फौजी ने सोचा कंपनी कमांडर बोल रहा है। उसने कहा कि जो पैसे आपके मोबाइल पर भेजे हैं। इनको जल्द उसकी बेटी के पास भेज दो। बाद में पता चला कि फ्रॉड हुआ है। चचेरे भाई की शिकायत पर कनीना सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।
गांव नोताना निवासी प्रेम कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसके ताऊ का लड़का नरेश कुमार जो बीएसएफ में नौकरी करता है। उसका उसके पास फोन आया जिसमें उसने बताया कि जब वह 19 अप्रैल को घर से छुट्टी काटकर वापस अपनी ड्यूटी पर जा रहा था।
तब उसके फोन पर कॉल आई। उसको लगा कि उसकी कंपनी का कमांडर बोल रहा है। फोन करने वाले ने कहा कि नरेश कहां है, तब उसने कहा वह ट्रेन में है। तो उसने कहा आपका फोन पे नंबर यही है। तब नरेश ने हां कह दी। तब फोन करने वाले ने नरेश को मैसेज किया कि देखो उसने 30 हजार रुपए भेजे हैं। आप तुरंत इनको भेज दो वह आपके मोबाइल नंबर बताता है। फिर उसने उसके पास दो मोबाइल नंबर भेजे और कहा यह उसकी बेटी के हैं। फिर वह है बोला कि यार वह लाइन पर है आप जल्दी करो। नरेश ने मोबाइल फोन की स्क्रीन पर देखा जिसमें बैंक से मैसेज आया हुआ है। वह मैसेज इस तरह का था जो नरेश ने उसके पास भेजा था। उसने दिए हुए नंबरों पर फोन पे के माध्यम से 30 हजार रुपए भेज दिए। बाद में उसको पता चला कि यह कॉल फ्रॉड थी। उसने इसकी शिकायत पुलिस में दी।

# आतंक का कोई धर्म जात नहीं होताः प्रवीण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पुलवामा में निर्दोष नागरिकों की जान लेकर आतंकियों ने मानवता को झकझोर दिया है। आतंक का कोई धर्म जात नहीं होता। आतंकी किसी का नहीं होता। हमारी संवेदनाएं जान गवाने वालों के परिवारों के साथ है। ये शब्द आज नवनिर्वाचित प्रधान पटवारी प्रवीण रावल ने स्काईलार्क पानीपत में दी रिवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा की जिला इकाई पानीपत के त्रि वार्षिक चुनाव अधिवेशन में कहे। चुनाव प्रक्रिया शुरू करने से पहले आतंकी हमले में जान गवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई।उन्होंने कहा कि सरकार को आतंकी हमले का



कड़ा जवाब देना चाहिए । उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन मेहनत निष्ठा और संघर्ष के बिना नहीं चल सकता । किसी भी संगठन को अपनी मंजिल तक पहुंचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है ।
संघर्ष में हर साथी को अपना सहयोग करना होता है। जब भी कोई किसी भी पटवारी और कानूनगो के साथ ज्यादती करेगा कार्यकारिणी हमेशा उसके साथ खड़ी होगी।
उन्होंने अपने संबोधन में कहा की सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का विरोध करने के लिए सरकार के खिलाफ नारे लगाने पड़ते हैं ।
यदि सरकार जन विरोधी नीतियां ना बनाएं तो किसी भी व्यक्ति को नारे लगाने की जरूरत नहीं है । आज कर्मचारियों की पुरानी पेंशन खत्म करके सरकार ने एक निंदनीय काम किया है ।
जब आदमी रिटायर हो जाता है तो पेंशन ही उसका एकमात्र सहारा होती है इस पेंशन को छीन करके सरकार ने रिटायर कर्मचारियों के बुढ़ापे को ठोकरे खाने पर मजबूर कर दिया है ।
और जब व्यक्ति के किसी भी अधिकार का हनन होता है तो वह नारे लगाने पर मजबूर हो जाता है। आज सरकार ने यही किया है ।
रावल ने कहा की सरकार को चाहिए कि कर्मचारियों के प्रति अपनी नीति और नियति दोनों साफ रखें ।
क्योंकि सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने वाले कर्मचारी ही होते हैं ।
सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमरीश त्यागी सचिव शिवकुमार अहलावत और हरियाणा टूरिज्म के राज्य प्रधान कश्मीर सिंह के देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गया।

# मुख्यमंत्री को दिया १८ मई को होने वाले गुरु गोरखनाथ प्रकटोत्सव समारोह का निमंत्रण



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
नई अनाज मंडी में १८ मई को होने वाले गुरु गोरखनाथ प्रकट दिवस समारोह का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निमंत्रण दिया। जोगी समाज के राष्टःीय अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चन्द जोगी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास पर शनिवार को पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ जोगी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सोनु जोगी, प्रदेश सलाहकार चरन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष महिला सीमा जोगी, महाबीर जोगी, रामकुमार, श्याम सिंह योगी जिलाध्यक्ष, धर्मबीर जोगी आदि सैकड़ो की संख्या मे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# संवाद कौशल विकसित करने पर नव ज्योति शिक्षा सदन में सेमिनार आयोजित




**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
खुबडू भांवर रोड स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में शनिवार को आत्मविश्वास और प्रभावशाली अभिव्यक्ति की कुंजी विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता युवा प्रेरक सागर पुनिया रहे। सागर पुनिया ने अपने जीवन के अनुभवों और उपलब्धियों से छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को मंच पर आत्मविश्वास से बोलने, संवाद कौशल विकसित करने और विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के व्यावहारिक सुझाव भी दिए।
एनडीए में चयनित सागर पुनिया एक एनजीओ के संस्थापक भी हैं।

# पानीपत में आगामी ब्राह्मण सभा जिला प्रधान का चुनाव वोट से होगाःरोहित

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पानीपत में आगामी ब्राह्मण सभा जिला प्रधान का चुनाव वोट से होगा, इसके लिए जल्द ही चुनाव प्रक्रिया को लेकर जिले के विभिन्न गांवों से ब्राह्मण समाज के 21 गणमान्य लोगों की कमेटी गठित की जाएगी जोकि आगामी रणनीति तैयार करेगी और इसके उपरांत खंड स्तर पर सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। उक्त बातें ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित गौतम ने बापौली खंड विभिन्न गांवों में ब्राह्मण समाज के लोगों से विचार विमर्श करते हुए कही। ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश



अध्यक्ष रोहित गौतम ने कहा कि ब्राह्मण सभा पानीपत जिला प्रधान के साथ-साथ जिला सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव भी वोट से होगा, जबकि बाकि कार्यकारिणी का गठन जिला प्रधान द्वारा किया जाएगा। रोहित गौतम ने कहा कि जिला पानीपत के अंदर जितनी भी ब्राह्मण सभा है वह सभी अपने स्तर पर सामाजिक व समाज हित में कार्य करें किसी की बुराई ना करें ।

# रिटायर्ड फौजी अधिकारी का अज्ञात चोर बैंग लेकर फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**
शहर के सिनेमा रोड पर रिटायर्ड फौजी अधिकारी का अज्ञात चोर बैंग का उठाकर फरार हो गया हैं। रिटायर्ड फौजी अधिकारी के बैंग में 30 हजार रुपये की नकदी जरूरी कागजात थे। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर रुपये बरामद करने तथा चोर को पकड़ने की मांग की हैं। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।गांव खातोद निवासी उमराव सिंह (८०), जो भारतीय थल सेना से जूनियर कमीशन अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

# सच्चाई, ईमानदारी, पॉजिटिविटी एवं पवित्रता फाउंडेशन के मूलमंत्रः अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा टॉप लीडर्स एवं न्यू फैमिली मेंबर्स मीट का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने की।
नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन लगातार आठ वर्षों से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है।
फाउंडेशन के विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी एवं सदस्य अपने राज्यों के विभिन्न जिलों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाकर देश में




सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि फाउंडेशन सच्चाई, ईमानदारी, पॉजिटिविटी एवं पवित्रता के रास्ते पर चलकर देश सेवा के उद्देश्यों की पूर्ति कर रहा है।
उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले टीम लीडर्स को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाता है। इस विशेष अवसर पर टॉप लीडर अवॉर्ड से खुर्शीद आलम, रेनू शर्मा, एनडी गोयल, सुदर्शन कंसल, रिछपाल सिंह, प्रियंका राजीव गोयल, दीपा खन्ना, सुमित ललित, विनोद कुमार, शशि शर्मा, इंस्पेक्टर सतपाल सिंह, सुषमा पंवार, विक्रमजीत सिंह, पूजा गोयल, अखिलेश शर्मा, आयुष खन्ना, गुलफान, नजरीन, सुरेश, निशु राघव, शहजाद सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश कौल, प्रधान शाम कपूर, नितिन गोयल, गुंजन भटनागर, संजय भटनागर आदि उपस्थित रहे।

# प्रशासन की लापरवाही के चलते किसान लगा रहे हैं अवशेषों में आग

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गेहूं की फसल की कटाई का काम समाप्त हो चुका है। अब किसान कंबाइन से कटवाए गए गेहूं के अवशेष को जला रहे हैं। प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद कुछ किसान फांस जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। हर रोज कई जगहों पर फांस जलना आम बात है। सनपेड़ा रोड पर किसानों द्वारा कई एकड़ में फसल अवशेषों में आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। जबकि प्रशासन द्वारा की फांस जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई भी जा रही है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके, लेकिन इसके बावजूद किसान गेहूं के बचे



हुए फांसों में आग लगा देते हैं। कुछ किसान खुद ही फांसो में आग लगाने के बाद इसकी सूचना दमकल विभाग को दे देते हैं, ताकि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सके, क्योंकि यह साबित नहीं हो पाता कि आग किसने लगाई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

# शहजादपुर में दुर्गा शक्ति द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/शहजादपुरः** पुलिस विभाग की दुर्गा शक्ति वूमैन नारायणगढ़ एवं सेफ सीटी टीम टू नारायणगढ़ (अम्बाला) द्वारा पी. एम. श्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहजादपुर माजरा में जाकर छात्राओ को सुरक्षा के मध्यनजर जागरूक किया गया।
हैड कांस्टेबल एवं इंचार्ज दुर्गा शक्ति वूमैन नारायणगढ़ एवं सेफ सीटी टीम टू नारायणगढ अंजू रानी ने बताया कि डायल 112 और दुर्गा शक्ति एप तथा महिला सुरक्षा के मध्यनजर ट्रीप मोनिटरिंग/यात्रा निगरानी आई टी एक्ट व महिलाओं के खिलाफ होने वाले



अपराधों को रोकने के लिए जागरूक किया गया।
इस मौके पर स्टाफ को दुर्गा शक्ति एप को उनके मोबाइल में डाउन लोड करवाकर उसकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। इस टीम का नेतृत्व कर रही हैड कांस्टेबल अंजू रानी ने हेल्पलाइन नम्बर 112, दुर्गा शक्ति एप, पॉक्सों एक्ट, गुड टच/बैड टच, साइब्रर क्राइम एवं महिला सुरक्षा, ट्रिप मॉनिटरिंग और नये आपराधिक कानूनों तथा सोशल मीडिया के बारे में बताया।
उन्होंने बताया कि पॉक्सों एक्ट 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ किसी भी प्रकार से सैक्सुअल शोषण करने वाले व्यक्ति पर इस एक्ट के तहत कार्यवाही की जाती है। इस कानून के माध्यम से नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन उत्पीडन, यौन शोषण, पोर्नोग्राफी और छेड़छाड़ के मामलों को रोकने के लिए किया गया है। इस कानून के द्वारा अलग-अलग अपराधों के लिए अलग सजा का प्रावधान है।
उन्होने 112 हेल्पलाइन नंबर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सेवा 24&7 उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस, एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की सहायता तुरंत प्राप्त की जा सकती है। हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक राष्ट्रीय आपातकालीन टोल-फ्री फोन सेवा है, यह सेवा 24 घण्टे उपलब्ध रहती है। इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले बच्चों को मदद मिलती है। हेल्पलाइन 1091 महिला हेल्पलाइन नम्बर है यह नंबर भी 24 घण्टे काम करता है। इस नम्बर पर कॉल करके महिलाएं किसी अपराध की रिर्पोट कर सकती है या परामर्श ले सकती है।
हरियाणा पुलिस द्वारा आयोजित इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर सलमा व स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय की नीति से बनी योजनाओं का पंक्ति में पीछे खड़े व्यक्ति को पहुंच रहा लाभः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवाः** हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि लाडवा विधानसभा के विधायक व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंत्योदय की नीति से राज्य में योजनाएं लागू कर रहे हैं। उन योजनाओं से प्रदेश की जरूरतमंद व पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को पहले लाभ पहुंच रहा है। लाडवा के साथ-साथ प्रदेश की पूरी जनता के लिए चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री कार्यालय 24 घंटे खुला हुआ है। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या-परेशानी को लेकर किसी



भी दिन कार्यालय में जाकर मुख्यमंत्री से मिल सकता है, जहां पर उनकी समस्या-परेशानियों का हल करने के मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को आदेश दिए जाते हैं।हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी लाडवा रोटरी क्लब के प्रधान नरेश गर्ग के निवास स्थान पर उनके पुत्र मानव गर्ग व पुत्रवधू आंचल गर्ग को विवाह समारोह की बधाई व आशीर्वाद देने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का विकास तेज गति से करवाया जा रहा है, जिसके लिए सभी विभाग अपने-अपने कामों की योजनाएं बनाकर उन योजनाओं पर काम कर रही है।

# केवल पार्क में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आदर्श नगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले केवल पार्क इलाके में दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा की ओर से पूरे आदर्श नगर में एक विराट शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शोभा यात्रा में शामिल हुए।

**लोगों ने किया शोभा यात्रा का भव्य रूप में स्वागत:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में निकाली गई इस भव्य शोभा यात्रा का आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों ने जगह-जगह इस शोभा यात्रा का भव्य रूप में स्वागत किया।

**देखती ही बनती थी भगवान परशुराम के रथ की साज-सज्जा:** शोभा यात्रा में सजाया गए भगवान परशुराम जी के रथ की साज-सज्जा देखते ही बनती थी। हर ओर भगवान परशुराम जी के जयकारे गुंजायमान रहे।

**ये लोग रहे मौजूद :** ब्राह्मण सभा के मुख्य संरक्षक नवीन त्यागी, प्रधान अरविंद शर्मा, मजलिस पार्क के प्रधान सुभाष दीक्षित, भाजपा नेता अजय शर्मा, महासचिव हरीश भारद्वाज, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा, चंदरशेखर शर्मा, जय प्रकाश यादव, परमानंद सिंघल सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग इकट्ठा हुए।

## 'राकेश भारद्वाज चौक' पर हुआ यात्रा का भव्य स्वागत

**नई दिल्ली: आदर्श नगर** विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गई शोभा यात्रा जब आदर्श नगर के सबसे व्यस्ततम चौक **'राकेश भारद्वाज चौक'** पर पहुंची तो पूरी आदर्श रसोई की टीम ने एक साथ मिलकर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। साथ ही दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा के सभी पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया।

# झुग्गी एवं निम्न आय वर्ग क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता: रविन्द्र इन्द्राज सिंह

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शनिवार को बवाना स्थित शाहबाद डेयरी क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा किये जा रहे नाले के नवनिर्माण कार्य का स्थानीय निवासियों के साथ शुभारंभ किया। समाज कल्याण मंत्री ने नये नाले के निर्माण, पुराने नाले की सफाई और झुग्गी क्षेत्र के लिए समन्वय बनाकर एक पार्क के निर्माण के निर्देश दिए।



रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की शाहबाद डेयरी क्षेत्र के ब्लॉक ई में नाले के निर्माण से जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और स्वच्छता की स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा।

अधिकारियों ने कहा की करीब 350 मीटर लंबी ड्रेन की इस परियोजना को छह माह की तय अवधि में पूरा किया जाना है। रविन्द्र इन्द्राज ने डीयूएसआइबी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिले।

उन्होंने कहा की यह विकास कार्य क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान लेकर आएगा और लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्ली के झुग्गी एवं निम्न आयवर्ग क्षेत्रों में मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है, इस हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है।

# आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया मासिक बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के गांव** रामगढ़ मेन रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने किया। इस मौके पर आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल, आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव, लव गर्ग, मुकेश सिसोदिया, गंगाराम, अमित जैन, बिजेन्द्र राणा, रवि कुमार, लाल बाबू पासवान,




जसवंत सिंह, बिट्टू, मिस्टर राम, सुरेन्द सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सामाजिक न्याय के यौद्धा, जननायक और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा दलित, पिछड़ा, अति पिछडा, आदिवासी व अन्य वर्गों की सामाजिक न्याय की लडाई के अन्तर्गत जातिगत जनगणना कराने की लगातार मांग उठाए जाने के दबाव के बाद केन्द्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना करने का फैसला लेने पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी का धन्यवाद करने का प्रस्ताव पास किया गया।

# मुख्यमंत्री सदर बाजार को लेकर अपना रुख स्पष्ट करें: फेस्टा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सदर बाजार** स्विफ्ट को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का एक बयान आने से व्यापारियों में काफी दहशत है, दहशत का माहौल बना हुआ है। इसको लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्र्स एसोसिएशन फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार ने बताया मुख्यमंत्री के इस बयान आने से ही सुबह से मार्केट में दहशत का माहौल था।



व्यापारी एक दूसरे को फोन कर कर इसकी जानकारी लेने में लग गए। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सदर बाजार व चांदनी चौक शिफ्ट वाले बयान पर अपना रुख स्पष्ट करने का निवेदन किया। जिससे मार्केट में दहशत का माहौल न बने, इससे मार्केट में इसको लेकर अफवाओं का माहौल गर्म हो गया है। उन्होंने कहा कि मार्केट को शिफ्ट करने की जरूरत नहीं है।

# संविधान बचाओ रैली के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली कांग्रेस में** देवेंद्र यादव के आने के बाद हर महीने ब्लॉक और जिला स्तरीय बैठकों का बनाया गया पेटर्न लगातार जारी है। जिसके चलते इस माह की ब्लॉक बैठकों में भी प्रदेश के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति बनी रही।

करावल नगर जिला कांग्रेस के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ब्लॉक बैठकों में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के अलावा लोकसभा प्रभारी, रमेश सब्बरवाल, मनोज यादव ज्वाईनट सेक्रेटरी एआईसीसी, जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ और फरीद शाह के साथ-साथ विधानसभा प्रत्याशी पीके मिश्रा, अली महदी, ईश्वर बागड़ी,



लोकेंद्र चौधरी, मुकेश त्यागी आदि ने सभी बैठकों में पहलगाम आतंकी हमले के शिकार हुए 27 लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और 10 मई को करावल नगर में होने वाली संविधान बचाओ रैली की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर सभी ने देश के बिगड़ते हालात पर सरकार को कठघरे में खड़े करते हुए कहा कि सरकार ना तो बॉर्डर सुरक्षा कर पा रही है और ना ही आंतरिक सुरक्षा कर पा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं और देश में जाति धर्म के नाम पर नफरती एजेंडा चलाकर दंगे और मॉब लॉचिंग मामले बढ़ते जा रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। आज युवा बेरोजगार है, किसान आत्महत्या कर रहे हैं, महिला अत्याचार चरम पर है। महंगाई रोज नए आयाम गढ़ रही है। लेकिन सरकार संविधान विपरीत रोज नए मुद्दे गढ़कर ध्यान भटकाव की राजनीति कर रही है। जिसके लिए हम संविधान रैली कर रहे हैं। इस मौके पर जावेद चौधरी, बल्लू चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, ब्लॉक खेमचंद सैनी, नेत्रपाल आर्य, सुजीत सिंह, परवीन भड़ाना, सुरेंद्र कोच, मोहित सैनी, शाजाद खान, राम बिलाश शर्मा, सतबीर सिंह, फकीर चंद, नेत्र पाल आर्य, डॉ अकरम, सेलेंदर चौधरी, अलीम भाई, तारा भाई, राकेश ठाकुर, विनोद कुमार, आशीष खान, कमल सिंह अशोक दूबे, राजन पांडे, प्रवीण भडाना, वसीम मलिक आदि लोगों ने अपने-अपने विचार भी साझा किए।

# भारतीय किसान यूनियन भानू ने निकाला कैंडल मार्च, सैंकड़ों लोगों ने लिया भाग







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय** किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश के प्रमुख महासचिव संजय राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि पहलगाम में हुई दुखद घटना को लेकर संगठन के द्वारा जन आक्रोश कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें समस्त दिल्ली प्रदेश के भारतीय किसान यूनियन भानू के सिपाहियों व कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। श्री राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कैंडल मार्च एच ब्लॉक डिस्पेंसरी जहांगीरपुरी से शुरू हुआ और महिंद्रा पार्क से होते हुई अग्रवाल चौक से सीधा आदर्श नगर सौ नम्बर बस स्टॉप से होते हुए आदर्श नगर के सुभाष पार्क शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर जाकर संपन्न हुआ। आपको बातदें कि इस प्रोग्राम की अध्यक्षता एडवोकेट जतिन कुमार शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन भानू ने की। इस जनआक्रोश रैली में सैंकड़ों किसान नेताओं व गई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर संजय राघव प्रमुख महासचिव दिल्ली प्रदेश, जितेंद्र शर्मा अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, गजेंद्र राघव प्रभारी दिल्ली प्रदेश, अनुराग शुक्ला अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, त्रिवेणी जादौन, मोनिका शर्मा पूर्व अध्यक्ष एबीवीपी और सैकड़ो छात्र-छात्राएं के अलावा डॉ सुरेश मलकानी, विनोद त्यागी, जग रोशन चौहान, समाजसेवी पंकज भरेजा, प्रसिद्व समाजसेवी मनोज सिंह, बवाना मंडी के प्रधान ढीला, पुनीत मंडल, राजा भैया, अवध नारायण, मुकेश तोमर, दलवीर पुनिया भाजपा मंडल अध्यक्ष, करण सिंह, रंजीत, आसिफ, मिस्टर त्रिपाठी, बृजेश सिंह बवाना, संतोष शुक्ला, प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय ब्रह्माकुमारी समस्त दीदी, सुनील, राजकुमारी दीदी के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च में भाग लिया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें और समापन के दौरान सैकड़ों कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि भी दी गई।

## न्यूज फ्लैश

### मथुरा जंक्शन पर मिले गुम हुए तीनों बच्चे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना हाईवे क्षेत्रान्तर्गत तीन अपहृत बच्चों को थाना हाईवे पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे आनन्द कुमार शाही के मुताबिक थाना हाईवे पुलिस टीम ने धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियोग में संघन चैकिंग, सम्भावित स्थानों पर दबिश एंव सुरागरसी करते हुए रेलवे जंक्शन जनपद मथुरा से शनिवार की सुबह समय 3.54 बजे तीन अपहृत बच्चों को सकुशल बरामदगी की गयी। तीनों बच्चों को उनके परिवारिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### गोवर्धन तहसील में 25976 किसानों की बनीं फार्मर आईडी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन तहसील में इस समय किसान पहचान पत्र ( फॉर्मर रजिस्ट्री ) का कार्य प्रगति पर है। विभागीय अधिकारियों की देखरेख में किसानों को प्रोत्साहित कर तथा कैंप लगाकर पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ाने का कार्य निरंतर चल रहा है। निर्धारित संख्या की अपेक्षा इस कार्य का लगभग साठ प्रतिशत कार्य संपन्न भी कर लिया गया है। इस समय पूरे प्रदेश में केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत किसान पहचान पत्र बनाने का कार्य चल रहा है। गोवर्धन तहसील में करीब 42206 किसानों के पहचान पत्र बनने हैं। इस समय विभागीय कर्मचारियों की मेहनत के चलते 25976 किसानों के पहचान पत्र बनवाए जा चुके हैं। गत नवंबर से नियमित हुए इस कार्य में गोवर्धन तहसील के कृषि व राजस्व के कर्मचारियों की मेहनत रंग लाती नजर आ रही है। लक्ष्य के सापेक्ष साठ प्रतिशत कार्य संपन्न कराया जा चुका है। गुरुवार को गोवर्धन तहसील के सहायक विकास अधिकारी कृषि के निर्देशन में नगला अक्खा, डोमापुरा, भूचन आदि गांवों के किसानों को पहचान पत्र वितरित किए गए। इस बारे में सहायक विकास अधिकारी कृषि गोवर्धन मुकेश कुमार ने बताया कि इस समय किसान पहचान पत्र बनाए जा रहे हैं। किसानों को पंजीकरण के अनेकों लाभ होंगे। किसानों को जन सेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय शिविर के माध्यम से अपना पंजीकरण करा लेना चाहिए। किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त में किसान कार्ड सहायक बनेगा। साथ ही साथ किसान को खाद ,बीज, कृषि रक्षा रसायन व केसीसी में भी किसान कार्ड की जरूरत पड़ेगी । किसान पहचान पत्र वितरण के दौरान मौजूद वरिष्ठ बसपा नेता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहे बाबा कढ़ेरा सिंह विद्या मंदिर के चेयरमैन सुरेश सिंह ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को स्वेच्छा से आगे आना चाहिए। इससे भविष्य में किसानों को लाभ होगा। किसान पहचान पत्र सरकार की कई योजनाओं में सहभागिता करने में किसानों की मदद करेगा। विभागीय शिविर में आकर किसान अपना पंजीकरण कराएं। इस मौके पर सैकड़ों किसान पहचान पत्र पाने के लिए मौजूद थे। अनाज मंडी में बैग की सिलाई में घोटाला

### सरकार दे रही 2.12 रुपए, मजदूरों को मिला एक रुपया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले की अनाज मंडी में सरकारी गेहूं के कट्टों की सिलाई को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। सरकार की ओर से पारदर्शिता के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मंडी में आढ़तियों ने सरकार से प्रति कट्टा सिलाई के लिए 2 रुपए 12 पैसे लिए, लेकिन मजदूरों को और ठेकेदारों को महज एक रुपया प्रति कट्टा दिया गया।
करनाल मंडी में अब तक करीब 26 लाख कट्टों की सिलाई हो चुकी है। ऐसे में लाखों रुपए का घोटाला सामने आया है, जिसमें बाकायदा मंडी प्रधान और आढ़तियों की आपसी एडजस्टमेंट से पैसा डकार लिया गया। सिलाई का ठेका लेने वाले चंद्रवली यादव ने बताया कि वे और उनके पार्टनर अहमद चौधरी करनाल, मुनक, निगदू और पिल्लुखेड़ा मंडी में सिलाई का काम कर रहे हैं। करनाल मंडी में अब तक 30 लाख कट्टों की आवक हुई है, जिनमें से 26 लाख से अधिक कट्टों की सिलाई हो चुकी है इस काम के लिए उन्होंने लगभग 100 कर्मचारियों को लगाया और 120 सिलाई मशीनें लेकर आए। चंद्रवली का कहना है कि एक कट्टे की सिलाई का रेट एक रुपया दिया गया, जबकि सारा मटेरियल, जिसमें धागा, मशीन और लेबर उनकी ओर से था। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक उन्हें सिर्फ 7 से 8 लाख रुपए ही मिले हैं, बाकी पैसे लेने के लिए वह चक्कर काट रहे हैं।
चंद्रवली ने यह भी खुलासा किया कि मंडी में जब ठेका मिलता है तो आढ़तियों की पंचायत होती है, जिसमें 5-7 ठेकेदार हिस्सा लेते हैं।

# जल भराव: मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी को नगर निगम ने किया नजर अंदाज

**लापरवाही**

**-मई में जुलाई की स्थिति के लिए तैयार नहीं था नगर निगम, - स्थाई पंप दूसरे दिन भी रहा बंद**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम मई में जुलाई की स्थिति के लिए तैयार नहीं था। अंडरपास पर लगे स्थाई पंप बंद थे। यह अचानक आई आपदा नहीं थी। नगर निगम ने मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी को नजर अंदाज किया। मौसम विभाग ने दो दिन पूर्व दो और तीन मई को मथुरा में बरसात होने और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जारी किया था। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सटीक साबित हुआ। नगर निगम की इस लापरवाही का खामियाजा महानगर की जनता को भुगतना पडा। नगर निगम को भी बरसात से हुए जलभराव की परिस्थितियों से निपटने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पडी। रूट डायवर्जन किया गया जिससे वाहन पानी में न फंसें। जेसीबी की मदद से अंडरपास के नीचे फंसे वाहनों को निकाला गया। शुक्रवार को हुई बरसात के बाद भी नगर निगम की ओर से एहतियातन जरूरी सतर्कता नहीं बरती गई। शनिवार की सुबह हुई हल्की बरसात से एक बार फिर भूतेश्वर अंडरपास के नीचे पानी भर गया। शनिवार को भी सुबह मथुरा में बरसात हुई।
प्रातःकाल हुई वर्षा के कारण भूतेश्वर अंडरपास के नीचे हुये जलभराव के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा भूतेश्वर अंडर पास का निरीक्षण किया गया। अण्डरपास के नीचे एकत्रित पानी को निकलवाने के लिए अतिरिक्त पम्प सैट लगवाये गये साथ ही स्थायी पंप को चालू किये जाने हेतु महाप्रबंधक जल को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा पानी की निकासी हेतु सभी पम्प एवं बूस्टर का भी निरीक्षण किया गया। अंडरपास के नीचे पानी की निकासी के लिए ट्रैक्टर पम्प लगाये गये हैं। साथ ही निर्बाध रूप से पम्प चलाकर पानी की निकासी किये जाने के लिए जनरेटर की व्यवस्था की गयी है। नगर आयुक्त ने बताया कि अधिकांश मई माह में वर्षा नहीं होती है। इस वर्ष समय से पूर्व वर्षा होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई। क्योकि अण्डर पास के नीचे एकत्रित पानी की निकासी हेतु स्थायी पम्प व मशीनों की पूर्ण व्यवस्था हेतु मरम्मत नहीं हो पायी, जिसके कारण स्थायी पम्प को पूर्ण क्षमता से चलाया जाना सम्भव नहीं हो पाया।

## पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में सोमवार को बंद रहेगा वृंदावन




**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन नगर के गुरुकुल मार्ग स्थित कृष्ण साधक ट्रस्ट में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक का आयोजन किया गया।
व्यापार मंडल के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने पहलगाम में हुए। पहलगाम में हुई घटना को लेकर विस्तृत चर्चा की। सभी पदाधिकारियों ने एक मत होकर सोमवार को वृंदावन बंद का ऐलान किया। व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों ने वृंदावन वासियों से बाजार को बंद करने अपील की। इस मौके पर बोलते हुए नगर उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने कहा कि हम सभी व्यापारी सर्वप्रथम पहलगाम में हुई घटना की घोर निंदा करते है और ऐलान करते है कि सोमवार 5 मई 2025 को वृंदावन बंद का ऐलान करते है। सभी से अपील है कि साथ मिलकर इस कार्य के सहयोग करें।

## उप जिलाधिकारी के आश्वासन पर किसानों का धरना समाप्त

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन सुनील द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मांट तहसील के गेट पर मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया था।
शुक्रवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी अभिनव जैन के आश्वासन पर किसानों ने स्थगित कर दिया है। उप जिलाधिकारी अभिनव जैन ने बताया है कि सात दिन के अंदर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। जिनमें कुछ निजी शिकायत है कुछ ग्रामीणों की शिकायत है जिनका निस्तारण जांच कराकर नियमानुसार जल्द से जल्द किया जाएगा। वहीं किसानों की तरफ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर ने कहा कि एसडीएम साहब ने सात दिन का आश्वासन दिया है सात दिन में देखते हैं कितनी समस्या हल होती है अगर नहीं हुई तो हम आठवें दिन से फिर धरना प्रदर्शन करेंगे एसडीएम अभिनव जैन के आश्वासन पर किसानों ने धरना स्थगित करने की घोषणा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी लक्ष्मण सिंह जिला अध्यक्ष मथुरा थान सिंह पहलवान तहसील अध्यक्ष मांट चरण सिंह सहित भारतीय किसान यूनियन सुनील के आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## संत बाल योगी की मढी में हुई चोरी का खुलासा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राया क्षेत्र के गांव नगला थाना के पास बनी संत की मढी में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। 19 मई 2024 को समय करीब दोपहर एक बजे काष्णि संत बालयोगी बृजानंद बाबा की मढ़ी गांव नगला थाना पोस्ट सोख खेड़ा थाना राया में चोरी की घटना हुई थी। इस संबंध में थाना राया पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। इस संबंध में थाना राया पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था। प्रभारी निरीक्षक थाना राया अजय कौशल ने बताया कि अभिषेक ने शिष्य के रुप में आश्रम में प्रवेश कर प्रसाद ग्रहण करने के बहाने अपने साथियों के साथ मिलकर आश्रम में दान की हुई नगदी की चोरी को अंजाम दिया था।

## बेमौसम बारिश से ईंट भट्ठा मालिकों को भारी नुकसान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बीती रात बेमौसम बारिश से ईंट उद्योग को भारी नुकसान हुआ है, जिससे भट्ठा मालिकों की कमर टूट गई है। जिन भट्ठों में ईंट पकाने के लिए फुंकाई चल रही थी, उन्हें बारिश ने ठंडा कर दिया। साथ ही पाथी गई कच्ची ईंट पानी में घिघलकर बर्बाद हो गई हैं। भट्ठा मालिकों को समझ नहीं आ रहा कि वह इस नुकसान की भरपाई कैसे करें। भट्ठा यूनियन ने टैक्स आदि में राहत के लिए शासन से गुहार लगाई है।
जनपद के सुरीर नौहझील बाजना शेरगढ़ सहित आदि जगह सैकड़ों ईंट भट्ठा संचालित हैं। इनमें इस समय ईंटों की पथाई और फुंकाई का कार्य जोरों पर चल रहा था, लेकिन बीती रात हुई बारिश से लाखों की संख्या में पाथी गई कच्ची ईंटें खराब हो गई हैं, जिसका असर यह हुआ है कि कई भट्ठा मालिकों का भट्ठा ही बैठ गया है
। दूसरा नुकसान यह हुआ कि जिन भट्ठों पर कच्ची ईंटों को पकाने के लिए फुंकाई की गई थी, वह भी ठंडे पड़ गए। बारिश से कच्ची ईंटें पिघल गई, एक तरफ तो तूरी की महंगाई व ईंट के रेट सस्ते चल रहे है। तो रही सही कसर बारिश ने पूरी कर दी। बारिश सीजन से पहले बेमौसम हुई बारिश ने भट्ठा व्यवसाय को क्षति पहुंचाई है, जिसका असर आम लोगों पर भी पड़ सकता है। भट्ठा मालिकों ने जिला प्रशासन से नुकसान की भरपाई के लिए टैक्स में राहत की गुहार लगाई है।



# वृंदावन में 22 एकड़ से अधिक रकबा पर चला एमवीडीए का बुल्डोजर

**लैंडिंग**

**बिना विभागीय अनुमति के कॉलोनी विकसित करने की कोशिशें तेज हो गई हैं**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन में जमीन घेरने की होड मची है। जबकि सरकार वृंदावन का सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने की कई योजनाओं पर लगातार काम कर रही है। वृंदावन के बाहरी क्षेत्रों में बिना मानक पूरे किए और बिना विभागीय अनुमति के कॉलोनी विकसित करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। हालांकि यहा पूरा स्ट्रक्चर तैयार नहीं किया जाता है। कार्यालय, सड़क, बिजली के खम्भे और कभी कभार पानी की व्यवस्था और पार्क दिखाकर लोगों से प्लाट, मकान और फ्लैट खरीदने बेचने की डील की जाती है। इसके बाद अगर मामला फंसता है तो कॉलोनाइजर अथवा बिल्डर पैसे बटोर कर निकल जाता है और यहां खरीदारी करने वाले फंस जाते हैं। एक बाद एक इस तरह के मामले लगातार सामने आने के बाद मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने वाद दायर कर खरीद फरोख्त का काम जारी रखने वाले कॉलोनाइजरों के सपनों पर कुठाराघात किया है। एक ही दिन में ऐसे पांच निर्माणों पर बुलडोजर कार्यवाही की है। इससे इस गोरख धंधे में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है। श्री सुरेंद्र उतरेजा द्वारा 6 बीघा भूमि में अवैध रूप से निर्मित लीला नर्सरी कॉलोनी आट्स रोड ,वृन्दावन में सड़क, नाली, बाउंडरी,दो भूतल पर निर्मित मकान को ध्वस्त किया गया। इनका वाद पिछले साल दायर हुआ था। दो साल पहले दायर हुए वाद में कार्यवाही करते हुए श्री सुरेंद्र उतरेजा, देवी आट्र्स रोड में 9 एकड़ क्षेत्रफल में अवैध रूप से भू विभाजन कर बनाई हुई कॉलोनी में सड़क, नाली ,गेट बाउंड्री वॉल ,इलेक्ट्रिक के पोल को आज को ध्वस्त कर दिया गया ।
वर्ष 2018 में दायर वाद में श्री नरेंद्र सिंघल एवं केशव, गरुड़ गोविंद रोड वृंदावन में अवैध रूप से 5 एकर भूमि में पर काटी गई कॉलोनी में सड़क बाउंड्री वॉल प्लाटिंग, पीलिंथ लेविल से ऊपर के निर्माण बिजली के खंबे नाली ,बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर गया है। 2017 में दायर वाद में श्री सुधीर शुक्ला, वृंदा ग्रीन कॉलोनी में लगभग 4 एकड़ भूमि पर बाउंड्री बाल ,सड़क ,बिजली के पोल, दो निर्मित मकान , गेट ,नाली को ध्वस्त किया गया।
वर्ष 17 में दायर वाद में श्री संदीप चतुर्वेदी, बालमुकुंद शर्मा नारायणपुर से सुमेर रोड ,देवी आर्ट्स रोड वृन्दावन में अवैध रूप से निर्मित गेट बाउंड्री वॉल सड़क पीलिंथ तक के निर्माण दो भूतल पर निर्मित निर्माण तथा गेट बिजली खंबे को ध्वस्त किया गया।

## देहात क्षेत्र में संचालित डेयरी पर की सचल दल ने कार्यवाही

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
खाद्य सुरक्षा विभाग के मंडलीय सचल दल ने दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता परखने के लिए देहात क्षेत्र में संचालित डेयरी पर कार्यवाही की। मिलावटी दुग्ध पदार्थों के विरुद्ध चलाए गए दो दिवसीय विशेष अभियान में बाजना चौकी के पास स्थित मेसर्स वीरेंद्र डेरी के यहां से एक पनीर तथा एक क्रीम का नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित की गई 100 किलोग्राम दूषित क्रीम कीमत अनुमानित कीमत 20 हजार रुपए नष्ट करवाई गई। पायी गई कमियों के संबंध में सुधार नोटिस की संस्तुति की गई है। मेसर्स एसपी मिल्क प्रोडक्ट्स शिवाजी नगर बाजना से पनीर, क्रीम, घी एवं पैक्ड पनीर के एक एक नमूने संग्रहित किए गए। पैक्ड पनीर में पैकिंग संबंधी कमियां पाई गई इस के लिए सुधार नोटिस दिया जायेगा। पारसोली स्थित नैना डेरी से एक पनीर का नमूना संग्रहित किया गया। परिसर में पाई गई कमियों के लिए सुधार नोटिस की संस्तुति की गई है। मेसर्स चंद्रपाल डेरी व मेसर्स राधे मिल्क डेरी में कार्य बंद पाया गया। मुरलिया रोड स्थित अवनीश डेरी से पनीर व क्रीम का नमूना संग्रहित किया गया। मोहित डेरी, जितेंद्र डेरी तथा विष्णु डेरी से पनीर का एक एक नमूना संग्रहित किया गया तथा पायी गई कमियों के लिए सुधार सूचना की संस्तुति की गई है। पारसोली रोड स्थित भावना मिल्क प्रोडक्ट से पनीर का नमूना संग्रहित किया गया तथा लगभग 350 किलोग्राम पनीर कीमत लगभग रुपए 94500 रुपए विक्रेता की अभिरक्षा में अग्रिम आदेश तक कोल्ड चैन मेंटेन करके सुरक्षित रखने के लिए दिया गया। मैसर्स स्वाद मिल्क प्रोडक्ट पारसोली रोड बजाना के यहां से पनीर का नमूना

## कमीशन एजेंट से ठगे डेढ़ लाख, वीआइपी फोन नंबर का दिया झांसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में साइबर ठगों ने वीआईपी मोबाइल नंबर बेचने का झांसा देकर एक कमीशन एजेंट से 1.50 लाख रुपए की ठगी कर ली। जब पीड़ित ने सिम चालू न होने पर पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। करनाल के सीएचडी सिटी निवासी दिनेश ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह अनाज मंडी में कमीशन एजेंट है। बीती 17 अप्रैल को उसके पास मोबाइल से कॉल आई, जो ट्रूकॉलर ऐप पर दलीप अरोड़ा नाम से सेव दिख रहा था। आरोपी ने खुद को वीआइपी नंबर बेचने वाला बताया और उसे 98610-00001 नंबर 30 हजार रुपए में देने का ऑफर दिया।

## अटेवा ने दी पहलगाम आतंकी घटना में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई दुखद आतंकी घटना के विरोध में पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए अटेवा ( आल टीचर्स इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) की ओर से विकास मार्केट स्थित गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विकास मार्केट से होली गेट तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी और समाजसेवी शामिल हुए। जिन्होंने दो मिनट का मौन रखकर व मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अटेवा जिला संरक्षक शैलेंद्र कुमार यादव ने की। जबकि कैंडल मार्च का नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने किया। जिला संरक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव तथा जिलाध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने सरकार से मांग की कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। आइटी सेल प्रदेश प्रभारी प्रमोद पटेल तथा मीडिया प्रभारी मनीष दयाल ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यह हमला पूरे देश पर है। हमारे पर्यटकों का बलिदान हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। संगठन मंत्री चेतना चौहान,मांट ब्लॉक अध्यक्ष सीमा कुमारी तथा जिला कोषाध्यक्ष राजेश सरोज ने एकस्वर में कहा कि इस समय जरूरत है एकता की, ताकि आतंकवाद की जड़ें हमेशा के लिए समाप्त की जा सकें। सोशल मीडिया प्रभारी सतीश रावत तथा आईटी सेल प्रभारी करन पाल सिंह ने कहा हम सोशल मीडिया पर नहीं, असल जीवन में बदलाव चाहते हैं।




# जातिगत जनगणना से प्रशस्त होगा वंचितों की प्रगति का मार्ग

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर 6 परिसर में एक प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' प्रेस से वार्ता करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कश्यप महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आरडी कल्याण ने कहा कि यू तो आजादी के बाद देश ने सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास किया है लेकिन आजादी के इतने लंबे समय के बाद भी ओबीसी सूची में शामिल जातियों का अपेक्षाकृत विकास नहीं हो पाया है ' उन्होंने कहा कि ओबीसी की जनसंख्या के अनुसार सरकार की कल्याणकारी नीतियों का निर्माण हो सके इसी के दृष्टिगत भारत सरकार ने आजादी के बाद पहली बार जातिगत जनगणना करवाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है ' इससे भारत की सभी ओबीसी जातियों में एक खुशी की लहर दौड़ गई है ' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का जातिगत जनगणना करने का यह निर्णय ओबीसी जातियों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा ' उन्होंने कहा कि जनसंख्या का सही आंकड़ा न होने की वजह से इन जातियों को इनके अधिकारों से वंचित रखा गया है। साथ ही उनके लिए बनने वाली अंत्योदय योजनाओं का लाभ देने में भी बाधा आती है ' भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय की भावना के साथ काम करती है ' सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूल मंत्र से ही सरकार कल्याणकारी योजनाएं बनाती है। उन्होंने कहा कि काका कालेलकर और मंडल कमीशन की रिपोर्ट पूरी तरह से लागू न करने की वजह भी जनसंख्या का आंकड़ा न होना एक कारण रहा है '
उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना का विरोध किया और विपक्ष में रहते हुए इस पर राजनीति करते रहे अब जातिगत जनगणना के निर्णय से पिछड़े वर्गों को आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का लाभ मिलेगा और वंचितों की प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त हो जाएगा' उन्होंने कहा कि मोदी कैबिनेट ने 30 अप्रैल 2025 को यह फैसला लिया है कि 2025 में जो जनगणना होगी । वह जातिगत जनगणना के हिसाब से होगी ' इसके अलावा इस जातिगत जनगणना में ओबीसी समाज की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक अवस्था का भी पता लगेगा ' उसके लिए भी यह जातिगत आंकड़ा सहायक सिद्ध होगा '



## चौपाल पर बोली पुलिस अनजान लिंक पर क्लिक, ओटीपी कभी शेयर न करें

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत शुक्रवार को थाना सुरीर के गांव पब्बीपुर में ऑपरेशन जागृति टीम ने चौपाल लगाकर ग्रामीण महिलाओं के अलावा किशोर किशोरियों को जागरुक किया। उप निरीक्षक सोहनवीर सिंह कहा ने कहा आपसी झगड़ों में महिलाओं को मोहरा नहीं बनाएं साइबर क्राइम के खतरो के प्रति जागरुक किया तथा युवा युवती के बिना बताएं पलायन पारिवारिक विघटन,नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, तथा बचाव के तरीके बताए तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के विषय में जागरूकता अनजान लिंक पर क्लिक न करने की हिदायत देते हुए अपना ओटीपी किसी से शेयर न करने के लिए जागरूक किया गया। और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। व रात्रि में महिलाएं कोई साधन न मिलने पर डायल 112 पर कॉल कर के लोकेशन बताकर मदद ले सकती हैं।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 04 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## गुड़, गोबर और मट्ठा से तैयार कर दी प्राकृतिक खाद

**नालंदा।** रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते दुष्प्रभाव के बीच अब किसान प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत अलीनगर गांव के किसान शुद्धांशु रंजन ने शनिवार को गुड़, गोबर, मट्ठा और नीम की पत्तियों से जैविक खाद तैयार कर एक अनूठी पहल की है। यह प्रयोग राजगीर के तिलैया स्थित प्रज्ञा कृषक हित समूह के अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह के दिशा-निर्देश में किया गया है। समूह के अध्यक्ष ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि खेती सिर्फ व्यवसाय नहीं बल्कि भारत की आत्मा और भविष्य है। आजादी के बाद हरित क्रांति ने हमें खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है लेकिन रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से अब भूमि बंजर होती जा रही है और इसका प्रभाव सीधे मानव एवं पशु स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में प्राकृतिक खेती ही एकमात्र समाधान रह गया है।उन्होंने बताया कि यह खाद एक प्रकार का स्वायल प्रोबायोटिक है जो पौधों की वृद्धि, मिट्टी के स्वास्थ्य और मित्र कीटाणुओं की संख्या बढ़ाने में सहायक होगा। यह खाद फसलों को वायरस व अन्य संक्रमणों से भी बचाएगा। इसके प्रयोग से मछली पालन और पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी। अलीनगर निवासी विजय प्रसाद की पत्नी मनोरमा देवी ने बताया कि आमतौर पर गोबर को सीधे खेतों में डालते हैं जिससे पूरा लाभ नहीं मिल पाता है लेकिन यदि गोबर में गुड़ और मट्ठा मिलाकर खाद तैयार की जाती है तो यह अधिक असरदार और लाभदायक होती है। इसे घर पर ही सरलता से तैयार किया जा सकता है।किसान शुद्धांशु रंजन ने कहा कि यह खाद पहली बार वीर अभिमन्यु सिंह के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। अब वे अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों के बजाय इस प्राकृतिक खाद का ही उपयोग करेंगे।

# राजस्व संग्रह में बढ़ाएं पारदर्शिता, तकनीक का हो व्यापक प्रयोगः सीएम

**एआई और डेटा एनालिटिक्स का बढ़ाएं उपयोग, कर संग्रह व्यवस्था को मिलेगी मजबूतीः योगी, मुख्यमंत्री ने की जीएसटी/वैट संग्रह की जोनवार समीक्षा, कहा, राजस्व संग्रह में खंडवार असमानता की समीक्षा कर तय हो जिम्मेदारीः सीएम**

दिशा-निर्देश

कर चोरी राष्ट्रीय क्षति है, करापवंचन रोकने के लिए तकनीक को बनाएं साधनः मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व संग्रहण में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य किये जाने पर बल दिया है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास में सहभागी बनें, कर प्रणाली में नवाचारों को अपनाएं और ईमानदार करदाताओं को हरसंभव सुविधा एवं सम्मान प्रदान करें। शुक्रवार को राज्य कर विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कर चोरी राष्ट्रीय क्षति है, इसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। विभागीय स्तर पर कर अपवंचन की रोकथाम के लिए कठोरतम और सुनियोजित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य कर विभाग ने 1,14,637.54 करोड़ का संग्रहण किया। अब चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.75 लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नए वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में 9,986.15 करोड़ का जीएसटी/वैट संग्रहण हुआ, यह संतोषप्रद है। आने वाले महीनों में लक्ष्य के सापेक्ष इसे और बेहतर किये जाने की आवश्यकता है। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ जोन जैसे गौतमबुद्ध नगर, अयोध्या, लखनऊ द्वितीय, अलीगढ़, कानपुर प्रथम और झांसी ने अप्रैल माह में 60 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य अर्जित कर सराहनीय कार्य किया है। लखनऊ द्वारा 71.66 प्रतिशत की लक्ष्य प्राप्ति की गई है। वहीं, कुछ जोन, कॉर्पोरेट सर्किल और सेक्टरों में अपेक्षित संग्रह न हो पाने पर उन्होंने सुधार की आवश्यकता जताई। मुख्यमंत्री ने कहा, वाराणसी, इटावा,, गोरखपुर, कानपुर द्वितीय और आगरा जैसे जोन/कॉर्पोरेट सर्किलों को और अधिक परिणामोन्मुखी कार्य करना होगा। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर और जालौन के कुछ सेक्टरों में भी सुधार की आवश्यकता है। संबंधित अधिकारियों को ठोस और क्षेत्रीय कार्ययोजना बनाकर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एडिशनल कमिश्नरों से भी संवाद किया और उनके अधीनस्थ अधिकारियों/कार्मिकों की उपलब्धता की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से फील्ड की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए व्यापारियों से सतत संवाद बनाये रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभाग को निर्देशित किया कि वह तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़े।

### राजस्व वादों का हो समयबद्ध निस्तार, तेज करायें लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरणः मुख्यमंत्री

*लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक की शुरूआत में ही दो महत्वपूर्ण बिंदुओं "राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण' को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान न केवल जनविश्वास, बल्कि राज्य में निवेश और विकास के लिए भी आवश्यक है।*

### स्विस तकनीक से सुनिश्चित होगी गंगा एक्सप्रेसवे की क्वॉलिटी

*लखनऊः उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गंगा एक्सप्रेसवे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए स्विस बेस्ड अत्याधुनिक तकनीक का सहारा ले रही है। (एआई)और सेंसर-आधारित तकनीक से रोड की गुणवत्ता और कम्फर्ट की जांच की जा रही है। यह तकनीक निर्माण के दौरान ही खामियों को पकड़कर सुधारने में सक्षम है।*

### कानपुर, आगरा, लखनऊ मेट्रो परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण किया जाए

*लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के प्रकरणों की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है, जिस भी प्राधिकरण में मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां लगाया जाना अनुचित हैं, इसे सरल रूप देते हुए एक ही बार में निस्तारित किया जाना चाहिये।*

*उन्होंने कहा है कि ऐसे जो भी प्रकरण लंबित हैं, एक समय सीमा तय करते हुए उनका निस्तारण कर दिया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नगरों में जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान अब तक अप्रूव नहीं हुआ है, उसे वर्तमान माह की समाप्ति से पहले अनुमोदित करा लिया जाए।*

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 10 बसों को दिखाई हरी झंडी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ऋषिकेश स्थित आईएसबीटी से चारधाम यात्रा 2025 का औपचारिक शुभारंभ करते हुए तीर्थयात्रियों की 10 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने तीर्थयात्रियों से देवभूमि उत्तराखंड को स्वच्छ और पवित्र बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि हरित चारधाम यात्रा के साथ ही स्वच्छता पर राज्य सरकार का विशेष ध्यान है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के लिए आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया और बाबा केदार, बद्रीविशाल, मां गंगोत्री और मां यमनोत्री से सबकी सकुशल यात्रा की प्रार्थना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी और एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। सरकार की ओर से प्रत्येक स्तर पर चारधाम यात्रा संबंधी तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि जब श्रद्धालु, यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर लौटें, देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों और सुखद अनुभव को साथ लेकर जाए।

### कैंची धाम के लिये एक और वैकल्पिक मार्ग की संभावना

*नैनीताल। नैनीताल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कैंचीधाम के लिये मात्र 6 से 8 किमी मार्ग के बनने से एक नया वैकल्पिक मार्ग बन सकता है और कैंची धाम की दूरी भी दिल्ली व उत्तर प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिये 10 किमी तक कम हो सकती है। साथ ही कैंची धाम जाने के लिये काठगोदाम से भीमताल व भवाली होते हुए कैंची धाम तक लगने वाले जाम से भी काफी हद तक मुक्ति मिल सकती है। इस मार्ग के लिये स्वीकृति के साथ बजट भी वर्ष 2008 में स्वीकृत हो चुका है।*

## साईं बाबा के मंदिर को पाइप बम से उड़ाने की धमकी, मामला दर्ज

**मुंबई।** अहिल्यानगर जिले में स्थित साईं बाबा संस्थान को धमकी भरा ईमेल मिला है, जिसमें साईं मंदिर को पाइप बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस धमकी भरे ईमेल के मिलने के बाद मंदिर प्रशासन ने शिरडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस टीम धमकी भरे ईमेल भेजने वाले की तलाश कर रही है। ईमेल पर साईं बाबा मंदिर को पाइप बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इस धमकी की शिकायत साईं बाबा संस्थान के सुरक्षा रक्षक रोहीदास माली ने शिरडी पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई है।

## वक्फ कानून के विरोध में सड़क पर उतरे मुसलमान

विरोध

वभिन्न मुस्लिम संगठनों के आह्वान पर निकाले गये इस जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए

**टीम एक्शन इंडिया**

**फारबिसगंज/अररिया।** सीमांचल के अररिया में शनिवार को वक्फ संशोधन कानून के विरोध में विशाल जुलूस निकाला गया। वही, विभिन्न मुस्लिम संगठनों के आह्वान पर निकाले गये इस जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए। ये विशाल जुलूस अररिया के मिल्लिया कॉलेज ग्राउंड से शुरू होकर चांदनी चौक होते हुए सुभाष स्टेडियम पहुंचा। स्टेडियम खचाखच भरने के बाद आधे से अधिक लोगों चांदनी चौक से लौटा गए ।पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, अररिया के पूर्व सांसद सरफराज आलम, जोकीहाट विधायक शाहनवाज आलम, पूर्व विधायक जाकिर अनवर सहित अलग-अलग राजनीतिक दलों के सैकड़ों नेता और हजारों लोग शामिल हुए।

